रांची, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 13 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 69 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ आर्थिकी की आधारशिला है खेतीबाड़ी

हक में यामी गौतम की दमदार परफॉर्मेंस बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली एक्ट्रेस ◀ 6


## एम्बुलेंस में आग लगने से 4 लोग जिंदा जले

### नवजात, पिता, डॉक्टर और नर्स की जलकर मौत

**अरावली:** गुजरात के अरावली ज़िले के मोडासा में राणा सैयद इलाके के पास एक हादसा हुआ, जहाँ मोडासा के एक निजी अस्पताल की एम्बुलेंस में आग लग गई, जिससे एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। एम्बुलेंस में सवार दो अन्य यात्री गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें तुरंत इलाज के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, मोडासा के एक अस्पताल से एक बच्चे को एम्बुलेंस में उन्नत इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया जा रहा था। रास्ते में, एम्बुलेंस में आग लग गई, जिससे डॉक्टर, एक नर्स, बच्चे और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। एम्बुलेंस में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आग लगने का सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। मोडासा टाउन पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है। मोडासा के राणा सैयद के पास हुई इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। एक सीसीटीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि एक चलती गाड़ी में अचानक आग लग जाती है। यह फुटेज पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे से ली गई है।

जब आग लगी, तब एम्बुलेंस चालक ने गाड़ी रोक दी थी। आगे बैठे तीन लोग मामूली से मध्यम रूप से झुलस गए और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए ले जाया गया। ये तीनों घायल मरीज इलाज करा रहे हैं। आग लगने का सही कारण अभी अज्ञात है। मोडासा टाउन पुलिस ने पूरी घटना की जाँच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




**गिरिडीह:** जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। दरअसल यहां एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना नगर थाना क्षेत्र के नेताजी चौक के पास की है। मृतक की पहचान अलकापुरी निवासी 28 वर्षीय रोहित सिंह राठौर के रुप में हुई है। रोहित सिंह राठौर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे बाइक समेत एक अन्य ट्रक के नीचे दब गए। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने नेताजी चौक पर सड़क जाम कर जमकर रोष प्रदर्शन किया। नेताजी चौक पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और शहर का यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझा कर लोगों को शांत किया। मृतक के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

### बिहार में शपथग्रहण से पहले बीजेपी-जेडीयू में खींचतान

## स्पीकर से लेकर गृह-वित्त मंत्रालय पर दोनों की दावेदारी



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी बीच यह जानकारी सामने आई है कि विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा और जदयू के बीच मतभेद बना हुआ है। दोनों ही दल इस पद पर अपना दावा ठोक रहे हैं। इस मुद्दे पर बातचीत के लिए जदयू नेता संजय झा और ललन सिंह दिल्ली पहुंचे हैं। गृह विभाग को लेकर भी दोनों दलों के बीच असहमति है, जबकि वित्त विभाग पर भी जदयू और भाजपा दोनों अपनी दावेदारी जता रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले दिल्ली में इन विवादों को सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

पटना के गांधी मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें पीएम मोदी समेत कई एनडीए-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। शपथ ग्रहण का संभावित दिन 20 नवंबर बताया जा रहा है। नीतीश कुमार इसी दिन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक गठबंधन में मंत्रालयों के बंटवारे पर भी सहमति बन चुकी है। छह विधायकों पर एक मंत्री का फामूर्ला लागू किया जा सकता है, जिसके आधार पर विभिन्न दलों के हिस्से तय किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 20 नवंबर को नीतीश कुमार के साथ 20 मंत्री शपथ ले सकते हैं, जबकि बाद में 14 अन्य मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। कुल मिलाकर मंत्रिमंडल में 34 मंत्री होने की संभावना है। स्पीकर, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण विभागों को लेकर जदयू और भाजपा के बीच अब भी बातचीत जारी है। यदि एलजेपी को डिप्टी सीएम पद दिया जाता है, तो उसके मंत्री पदों की संख्या कम हो सकती है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ लगभग 20 मंत्री शपथ लेंगे, जिसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। शपथ के बाद 24 से 28 नवंबर के बीच विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है, जिसमें सरकार सदन में अपना बहुमत साबित करेगी।

### विधानसभा नियुक्ति घोटाला

# अभी नहीं होगी सीबीआई जांच, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका



**रांची/नई दिल्ली:** झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्ति घोटाले की अभी सीबीआई जांच नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई द्वारा जांच शुरू करने की मांग को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच पर लगी रोक हटाने का अनुरोध किया था। इस याचिका की सुनवाई आज मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की पीठ में हुई।

सुनवाई शुरू होते ही विधानसभा की ओर से कपिल सिब्बल ने कहा कि मामला राजनीति से प्रेरित है। जब भी इस तरह का मामला सामने आता है। सीबीआई बीच में चली आती है। विधानसभा की ओर से दायर याचिका को स्वीकार किया जा चुका है। सीबीआई की ओर से एसवी राजू ने कपिल सिब्बल की बातों को विरोध किया।

उन्होंने का कहा कि नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। यह गंभीर मामला है। जांच जारी रखने की अनुमति दी जाये। लेकिन न्यायालय ने सीबीआई की याचिका को खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्ति घोटाले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इस आदेश के आलोक में सीबीआई ने पीईदर्ज कर जांच शुरू की थी। इस बीच विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गयी थी। विधानसभा की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा दिये गये सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। साथ ही विधानसभा की याचिका को विचार के लिए स्वीकार कर लिया था।

## झारखंड हाईकोर्ट में हाजिर हुए मुख्य सचिव,डीजीपी, गृह सचिव और आई सचिव



- राज्य के सभी थानों को सीसीटीवी से लैस करने का निर्देश
- 31 दिसंबर से पहले सीसीटीवी लगाने के लिए डीपीआर और टेंडर की प्रक्रिया पूरी करें

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि राज्य के सभी थानों को पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस किया जाए। झारखंड हाईकोर्ट मंगलवार को प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड, शौभिक बनर्जी सहित अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

पूर्व की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और आईटी विभाग की सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के अलोक में उक्त अधिकारी उपस्थित हुए।

अदालत ने उन्हें यह निर्देश दिया कि 31 दिसंबर से पहले सीसीटीवी लगवाने के लिए डीपीआर और टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए और उसके बाद जल्द से जल्द राज्य के सभी 334 थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अदालत के आदेश का अनुपालन 5 जनवरी तक सुनिश्चित किया जाए।

दरसअल पश्चिम बंगाल के शौभिक बनर्जी एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि चेक बाउंस से जुड़े केस में वह धनबाद कोर्ट में बेल लेने आए थे। लेकिन धनबाद पुलिस ने उन्हें दो दिनों तक अवैध तरीके से थाना में बैठाए रखा और जबरन दबाव बनाकर दूसरे पक्ष की मदद की। सारी घटनाएं बैंक मोड़ थाने में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड है।

लेकिन जब अदालत ने थाना में लगे सीसीटीवी का रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने यह जवाब दिया कि सीसीटीवी का सिर्फ दो दिनों का ही बैकअप उपलब्ध है। जिसपर अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि धनबाद जैसा शहर, जहां अपराध का ग्राफ काफी ज्यादा है, वहां सीसीटीवी का डाटा मेंटेन नहीं करना आश्चर्यजनक है।

## दिल्ली के चार कोर्ट और दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से हड़कंप



**नई दिल्ली :** दिल्ली की कई जिला अदालतों में मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था। बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की।

साकेत कोर्ट में अलर्टः सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे। सूचना में सभी सदस्यों से शांत रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अनावश्यक भीड़ या अफरा-तफरी न मचाने का अनुरोध किया गया था। पहले भी मिल चुकी हैं ऐसी धमकियांः यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली की अदालतों को ऐसी धमकियों का सामना करना पड़ा है। सितंबर में, दिल्ली उच्च न्यायालय को भी बम की धमकी भरा एक ईमेल मिला था, जिसके बाद न्यायाधीशों को अपनी अदालतों से अचानक उठना पड़ा था और परिसर को खाली कराया गया था। इन घटनाओं ने अदालतों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जसीर बिलाल की पेशी से पहले तलाशी अभियानः वहीं दूसरी तरफ रोहिणी और पटियाला हाउस कोर्ट में भी तलाशी अभियान चल रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आरोपी जसीर बिलाल उर्फ दानिश की पेशी से पहले पटियाला हाउस कोर्ट में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम जांच कर रही है। दिल्ली के दो सीआरपीएफ स्कूलों को भी धमकी, जांच में नहीं मिला कुछः मंगलवार की सुबह दिल्ली के दो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। जिससे हड़कंप मच गया। हालांकि, गहन जांच के बाद यह पता चला कि धमकी झूठी थी। इसमें किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं था। यह घटना मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे उस समय सामने आई जब दिल्ली के प्रशांत विहार और द्वारका में स्थित सीआरपीएफ स्कूलों को एक साथ ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सूचना के तुरंत बाद, दिल्ली अग्निशमन सेवा और स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई।

## एक करोड़ का इनामी नक्सली हिड़मा मारा गया पत्नी और छह नक्सलियों के शव बरामद



**सुकमा :** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों के खात्मे के लिए राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश बॉर्डर पर हुई मुठभेड़ में खूंखार नक्सली हिड़मा मारा गया है। इस मुठभेड़ में उसकी पत्नी और छह नक्सली भी ढेर हो गए हैं। मांदवी हिड़मा, जो सुरक्षा बलों पर सशस्त्र हमलों के कई मामलों में वांछित शीर्ष नक्सली कैडरों में से एक था, के मारे जाने की पुष्टि के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शीर्ष अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों के अनुसार, हिड़मा का खात्मा सुरक्षा बलों द्वारा निर्धारित 30 नवंबर, 2025 की समय सीमा से काफी पहले हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया और इस अभियान में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों की सराहना की। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि मांदवी हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन में कोई नई नेतृत्व उभर न सके और उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। हिड़मा का नाम लंबे समय से नक्सली हिंसा से जुड़ा रहा है। वह सुरक्षा बलों पर हुए कई बड़े और घातक हमलों के पीछे मास्टरमाइंड माना जाता था। उसकी गिरफ्तारी या निष्प्रभावीकरण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य था। सुरक्षा बलों ने एक जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियान के तहत हिड़मा को निष्प्रभावी करने में सफलता प्राप्त की है। यह सफलता न केवल खुफिया जानकारी के प्रभावी उपयोग का प्रमाण है, बल्कि जमीनी स्तर पर तैनात जवानों के साहस और दृढ़ संकल्प का भी परिणाम है।

### बिहार चुनाव में मिले हार पर आरजेडी में मंथन

# वोट चोरी और ईवीएम के दुरुपयोग को ठहराया जिम्मेदार

,बॉटम,लालू और तेजस्वी का फोटो लगा लें





**पटनाः** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन का आकलन करने के लिए सोमवार को एक बैठक की। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया, जिसमें से 25 सीटों पर राजद ने जीत हासिल की। बैठक के बाद, राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी जनादेश को पचने में असमर्थ है, जिसने एनडीए गठबंधन को 243 में से 202 सीटें दिलाईं। उन्होंने चुनाव में वोट चोरी और ईवीएम के दुरुपयोग को दोषी ठहराया।

बिहार सुधार कर रहूंगा, पीछे हटने वाला नहींः राजद नेता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि समीक्षा बैठक में पार्टी प्रमुख (लालू यादव), पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जी, जगदानंद सिंह और उदय नारायण सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने जनादेश पर अपने विचार व्यक्त किए। यह स्पष्ट है कि न तो जनता और न ही राजनीतिक दल इस जनादेश को पचा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जनादेश मशीनरी प्रबंधन से आया है। दुनिया में किसी भी राजनीतिक दल के लिए 90% का स्ट्राइक रेट संभव नहीं है।

नवनिर्वाचित राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने ईवीएम के जरिए वोटों की चोरी का आरोप लगाया और मतपत्रों से चुनाव कराने की माँग की। उन्होंने कहा कि ईवीएम में चोरी हुई है। हमें ईवीएम के खिलाफ लड़ना होगा। हम मांग करते हैं कि चुनाव मतपत्रों से हों। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह ने कहा, इन मशीनों (ईवीएम) का दुरुपयोग किया गया। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार चुनावों में भारी जीत दर्ज की। एनडीए ने 243 में से 202 सीटें हासिल की हैं, जिसमें भाजपा 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

**एनडीएः** भाजपाः 89 सीटें, जेडी(यू): 85 सीटें, एलजेपी (आरवी): 19 सीटें, हम (एस): 5 सीटें और आरएलएमः 4 सीटें, जबकि महागठबंधनः आरजेडीः 25 सीटें, कांग्रेसः ??6 सीटें, सीपीआई(एमएल)(एल): 2 सीटें, सीपीआई(एम): 1 सीट। आईआईपी ने 1 सीट और एआईएमआईएम ने 5 सीटें जीतीं। एनडीए की जीत का श्रेय नीतीश कुमार की कल्याणकारी योजनाओं को दिया जा रहा है, जिसमें महिला रोजगार योजना भी शामिल है, जिसके तहत 1.25 करोड़ महिलाओं को 10,000 दिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत को सुशासन और विकास की जीत बताया।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## सैमसंग टीवी प्लस पर लॉन्च हुआ नया चैनल, दर्शकों को मिलेगा नया अनुभव

**रांची :** सैमसंग टीवी प्लस ने घरेलू दर्शकों के लिए नया डिजिटल अनुभव शुरू करते हुए कई नए चैनल जोड़ने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि इन चैनलों के जरिए विज्ञान, रचनात्मकता और मनोरंजन से जुड़ा आकर्षक कंटेंट अब देशभर के दर्शकों को मुफ्त में उपलब्ध होगा। सैमसंग टीवी प्लस इस समय 1.40 करोड़ से अधिक सैमसंग स्मार्ट टीवी पर 160 से ज्यादा चैनलों के साथ देखा जा सकता है। कंपनी के अनुसार, यह नई पहल दर्शकों को घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर बेहतरीन और सीखने योग्य मनोरंजन देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## यास आइलैंड पर स्ट्रेंजर थिंग्सः द एक्सपीरियंस की शुरूआत




**रांची :** यास आइलैंड पर स्ट्रेंजर थिंग्सः द एक्सपीरियंस की शुरूआत हो गई है, जहाँ दर्शक हॉकिन्स लैब, अपसाइड डाउन और शो के मुख्य किरदार इलेवन, मैक्स आदि को इंटरऐक्टिव तरीके से अनुभव कर सकते हैं। इस अनुभव में लाइव कलाकार और फोर-डी टेक्नॉलजी का इस्तेमाल किया गया है। दर्शकों को डेमोगॉर्गन से लड़ने और कहानी का हिस्सा बनने का मौका मिलता है। इवेंट के बाद मिक्स-टेप जोन में फोटो, स्नैक्स और शो का खास मर्चेंडाइज उपलब्ध है। स्कूप्स अहॉय और पैलेस आर्केड भी यहाँ मौजूद हैं। मीरल डेस्टिनेशन्स के सीईओ लिआम फाइन्डले ने कहा कि यह अनुभव पहली बार क्षेत्र में लाया गया है और प्रशंसकों को शो के और करीब लाएगा। यास आइलैंड ने स्टे ऐंड प्ले पैकेज भी जारी किया है, जिसमें इस अनुभव के टिकट और पार्क एक्सेस शामिल हैं।

## आईकॉनिक की नई पेशकश आईकॉनिक विन्टर

**रांची :** एबीडी ने अपने ब्राण्ड आईकॉनिक के तहत नया उत्पाद आईकॉनिक विन्टरउपलब्ध कराने की घोषणा की है। कम्पनी के अनुसार, यह सर्दियों के अनुसार तैयार किया गया उत्पाद। कम्पनी का कहना है कि आईकॉनिक ब्राण्ड ने इस वर्ष बिक्री और बाजार में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसे उपभोक्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। एबीडी के प्रबन्ध निदेशक आलोक गुप्ता ने कहा, आईकॉनिक विन्टर हमारी नई पेशकश है, जिसे उपभोक्ताओं के अनुभव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। हमारा उद्देश्य है कि लोग हर बार कुछ नया और आकर्षक आजमाएँ। कम्पनी के अनुसार, इस नए उत्पाद के लॉन्च के साथ एबीडी अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रही है।

## भारतीय जायरीनों की मौत पर शमशेर आलम ने जताया दुख



**रांचीः** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने मदीना में भारतीय जायरीनों की बस को टैंकर द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद 42 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री आलम ने कहा कि जन्नत नसीब हुई इन श्रद्धालुओं के शवों को भारत लाने या फिर जन्नतुल बकी में दफनाने की दिशा में संबंधित सरकार प्रयास करे।उल्लेखनीय है कि तेलंगाना से उमराह करने गए एक परिवार की तीन पीढ़ियों के 18 लोग खत्म हो गया। आयोग के साथी झारखंड के विभिन्न संगठनों के लोगों ने इस दर्दनाक घटना पर दुख व्यक्त किया है।

## पढ़ने वाले बच्चे मोबाइल से रहें दूरः विधायक



**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित राम नारायण टेन प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को झारखंड की रजत जयंती को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधाना अध्यापक अनूप कुमार ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा विधायक जनार्दन पासवान एवं जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी शामिल हुई। विधायक श्री पासवान ने अपने संबोधन में विद्यालय के छात्रों को अधिक ध्यान देकर शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने आगे कहा की आप शिक्षित होंगे तभी तो आपका पूरा परिवार शिक्षित होगा। वहीं छात्राओं को पढ़ाई से संबंधित मोबाइल का प्रयोग करें बाकी समय में मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की बात कहते हुए श्री पासवान ने कहा कि शिक्षा से ही हर मंजिल को पा सकते हैं। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अच्छे से शिक्षा प्राप्त करें शिक्षा से ही अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं वही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं कप देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पर पदाधिकारी निखिल गौरव कुमार कच्छप, जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान, विधायक प्रतिनिधि रोशन सिंह, विनय गुप्ता,वकील खान के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की हुई मौत

**चतरा :** ठंड का सितम धीरे धीरे परवान चढ़ने लगा है। इससे बचने के लिए लोग गर्म कपड़े के साथ साथ अलाव का भी सहारा लेने लगे हैं। अगर यह कहें कि ठंड के पहले चरण ने ही जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। पड़ रहे ठंड का अनाज इसी बात से लगा सकते हैं कि इसके चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान हंटरगंज प्रखंड के जोरी बसरिया गांव निवासी महाबीर ठाकुर की पत्नी सरस्वती देवी के रूप में की गई।

### झारखंड के किसानों के लिए खुशखबरी

# हेमंत सरकार धान पर प्रति क्विंटल देगी बोनस, एकमुश्त होगा भुगतान



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में किसानों को वित्त वर्ष 2025-26 में धान पर केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अलावा 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। यह जानकारी राज्य के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री इरफान अंसारी ने दी। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले धान के लिए किसानों को एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

15 दिसम्बर से धान खरीद प्रक्रिया शुरूः इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार 15 दिसम्बर से धान खरीद प्रक्रिया शुरू करेगी। अंसारी ने कहा, झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा तय एमएसपी पर 100 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे बहुत जल्द कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी जाएगी। केंद्र ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सामान्य धान का एमएसपी 2,369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान का 2,389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

मंत्री ने कहा, सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले धान के लिए किसानों को एकमुश्त भुगतान मिलेगा। यह निर्णय किसानों को बिचौलियों से मुक्त करने और उनकी आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि झारखंड में धान की कटाई अगले 10-15 दिनों में पूरी होने की संभावना है। अंसारी ने कहा, इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने धान खरीद की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है, जिसे 15 दिसम्बर से शुरू किया जाएगा।

### एनटीपीसी से फ्लाई ऐश की ढुलाई में अनियमितता पर सांसद कालीचरण सिंह गंभीर

# उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग



**संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने जिला उपायुक्त को सम्बोधित एक पत्र में एनटीपीसी टंडवा से फ्लाई ऐस ढुलाई के दौरान हो रही गंभीर अनियमितताओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के आधार पर स्पष्ट रूप से सामने आया है कि ढुलाई के तय मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इसके कारण न सिर्फ राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में सड़कों को भारी नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि धूल और गीले फ्लाई ऐश के फैलाव से स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सांसद श्री सिंह ने बताया कि मुख्य सड़कों पर जगह-जगह सूखा व गीला फ्लाई ऐस जमा रहने से आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। धूलकणों के उड़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी लगातार बढ़ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इस स्थिति को बेहद दुःखद एवं अस्वीकार्य बताते हुए सांसद ने उपायुक्त महोदय से व्यक्तिगत रुचि लेकर नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि आम जन-जीवन एवं राष्ट्रीय संपत्ति दोनों सुरक्षित रह सकें।

# नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को प्राथमिकी के 10 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**चतरा :** छठ पूजा के दौरान नाबालिक के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लावालौंग पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। प्राथमिकी दर्ज होने के 10 घंटे के अंदर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक नाबालिग अपने मित्र के यहाँ छठ की पूजा में शामिल होने गई थी। इसी दौरान पूजा में आये कुन्दा थाना क्षेत्र के निवासी आदित्य विश्वकर्मा (23 वर्ष) पिता बिहारी मिस्त्री के द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में लावालौंग थाना कांड संख्या - 75/25 दिनांक - 16-11-25 धारा 64(1)/351(2)/3(5) बीएनएस एवं सेक्शन - 4 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया। लावालौंग थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने इस आशय की जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कांड के गंभिरता एवं संवेदनशीलता को देखते घटना का उद्भेदन,त्वरित कार्यवाई एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम् खंडेलवाल नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त कुंदा थाना क्षेत्र के टिकैतबाँध गांव के आदित्य विश्वकर्मा (23 वर्ष) पिता बिहारी मिस्त्री को दर्ज प्राथमिकी के 10 घंटे के अंदर विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।छापामारी दल में सिमरिया के एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल, लावालौंग थाना प्रभारी सह पुअनि
प्रशांत कुमार मिश्रा,कुंदा थाना प्रभारी सह पुअनि प्रिंस कुमार,लावालौंग थाना के पुअनि नवीन चन्द्र सिंह एवं
लावालौंग थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बीडीओ की उपस्थिति में रक्तदान शिविर, सात यूनिट हुआ संग्रह



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन, उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विपीन कुमार भारती ने फीता काटकर किया।मौके पर वरिष्ठ नेता सरयू यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।बीडीओ ने बताया कि झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेभर में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया था।जिसके आलोक में लावालौंग में भी शिविर लगाया गया।उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने की अपील की। इसके बावजूद क्षेत्र के लोगों में कोई खास उत्साह नहीं देखा गया।हालांकि स्थानीय सामुदायिक संस्था रक्त मित्र द्वारा पूर्व में आयोजित शिविरों में कम से कम 80 से 100 यूनिट तक रक्तदान होता रहा है।लेकिन विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में मात्र सात लोगों ने ही रक्तदान किया।जिससे आयोजकों में निराशा देखी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही।

# बिरहोर महिला तबीयत बिगड़ी, स्वास्थ्य टीम के साथ पहुंचे बीडीओ



**संवाददाता**

**चतरा :** लावालौंग के बिरहोर कॉलोनी में शनिवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब खाना बनाने के दौरान विलुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय से संबंध रखने वाली मालती देवी को अचानक लकवा का अटैक आ गया। घटना शाम करीब छह बजे की है।मालती देवी के पति सह पूर्व वार्ड सदस्य महाबीर बिरहोर की पत्नी शनिवार को भोजन बनाने के दौरान वह अचानक गिर पड़ीं और उसका आधा शरीर सुन्न हो गया। हालांकि इस घटना की जानकारी आस पास के किसी व्यक्ति को नहीं हुई थी और वह दो दिनों तक बीमार पड़ी रही। यह जानकारी सोमवार को राम मंदिर समिति के युवकों को मिली। जिसके बाद उन्होंने तत्काल प्रमुख पति श्रवण रजक और प्रखंड विकास पदाधिकारी विपीन कुमार भारती को इसकी जानकारी दी।सूचना मिलते ही बीडीओ स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तुरंत बिरहोर कॉलोनी पहुंचे। जहां प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के डॉ. चंदन ने मालती देवी का उपचार किया तथा बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। हालांकि चिकित्सक और अधिकारियों के समझाने के बावजूद मालती देवी के पति महाबीर बिरहोर रात में उन्हें अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं हुए।उनका कहना था कि वे सुबह होते ही पत्नी को अस्पताल ले जाएंगे।घटना के बाद बिरहोर कॉलोनी में चिंता का माहौल व्याप्त है।बीडीओ एवं प्रमुख पति को सूचना देने का पहल करने वालों में राम मंदिर के अमित कुमार मिश्रा,कृष्णा पाठक,भरत प्रजापति,चंद्रदेव प्रजापति,अमरेश प्रजापति, गोखुल साव, राजू प्रजापति, दिनेश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, उमेश केशरी, मंटू प्रसाद केशरी का नाम शामिल है। युवकों और बीडीओ की पहल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## वरिष्ठ नागरिकों के समक्ष जागरूकता शिविर



**संवाददाता**

**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन मे सोमवार को हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी पंचायकला, धोबे और खुटीकेवाल हंटरगंज प्लस टू स्कूल परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। शिविर में डालसा के पीएलवी संदीप कुमारा गुप्ता, अजय कुमार दास, अक्षय कुमार, सुधीर मिश्रा, मनीष रजक, सरयू यादव और कुमार विवेक रंजन ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण अधिनियम 2007, निःशुल्क कानूनी सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।अधिकार मित्र ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का सम्मानित वर्ग है, जिनके अधिकारों की रक्षा एवं सहायता के लिए कानून में विशेष प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में डालसा से निःशुल्क सहायता प्राप्त करें। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जन वितरण प्रणाली प्रशिक्षण सेमिनार का सफल आयोजन



**संवाददाता**

**खूंटी :** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग तथा उपायुक्त, खूंटी के निदेर्शानुसार, नगर भवन में एक दिवसीय जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) प्रशिक्षण सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, आलोक कुमार थे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, तोरपा, रनियां और कर्रा सहित विभिन्न अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

सेमिनार में सहायक गोदाम प्रबंधकों, झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रतिनिधियों और सभी पीडीएस विक्रेताओं को विभागीय मानक प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खाद्यान्न के वैज्ञानिक भंडारण, गोदामों के रख-रखाव और राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने संबंधी तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, ई-पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन राशन वितरण की प्रक्रिया और इसके लाभों से भी अवगत कराया गया।

मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने जन वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन पर जोर देते हुए सभी विक्रेताओं से प्रशिक्षण को गंभीरता से अपनाने का आग्रह किया, ताकि व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भी ढऊर दुकानों के संचालन से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों और व्यावहारिक जानकारियों को साझा किया।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने सभी विक्रेताओं को गोदामों को सुव्यवस्थित और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण अभियान में विभाग और पंचायत स्तर पर तैनात वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) को सहयोग देने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि, अधिकारियों और सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण से जन वितरण प्रणाली के कार्यान्वयन में और सुधार की उम्मीद है।

रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का गुर्गा हथियार के साथ गिरफ्तार

**मेट्रो रेज**

**रांची:** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का एक अपराधी हथियार के साथ धर दबोचा गया है। यह गिरफ्तारी चुटिया थाना क्षेत्र से हुई है। जानकारी के अनुसार, एसएसपी राकेश रंजन को देर रात यह गोपनीय सूचना मिली थी कि गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का एक अपराधी चुटिया इलाके में हथियार लेकर एक स्कूटी से जा रहा है।



सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल सिटी एसपी को निर्देश दिया। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर चुटिया के पावर हाउस रोड पर 'एंटी-क्राइम चेकिंग' अभियान चलाया गया।

इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध स्कूटी को रोककर तलाशी ली और उसके पास से पिस्टल और जिंदा गोली बरामद की गई। पुलिस की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गैंगस्टर के गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया।

# शराब के नशे में कार सवार ने कई लोगों को मारी टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची में सोमवार की देर रात सड़क पर जमकर हंगामा हुआ। हंगामा की वजह बनी एक तेज रफ्तार कार, जिसकी रफ्तार ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। मामले को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा थाने में हंगामा भी किया गया।

**नशे में था चालक**

रांची के चुटिया इलाके में नशे में धुत एक कार चालक ने कई लोगों को धक्का मार दिया। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना सोमवार रात की है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी।



घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक को आक्रोशित भीड़ से बचाया और उसे हिरासत में ले लिया। वहीं, भीड़ ने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में घायल स्विगी कर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**आक्रोशित लोग और पुलिस ने पीछा कर कार चालक को पकड़ा**

स्थानीय लोगों के अनुसार गाड़ी संख्या जेएच01एफएफ 6112 की कार बहुबाजार से तेज रफ्तार में चुटिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान नशे में धुत कार चालक ने चुटिया राम मंदिर के पास खड़े चार युवकों को धक्का मार दी। चारों युवकों के हाथों-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी ईआरओ व उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा-

# वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाते हुए मतदाता सूची की पैतृक मैपिंग में लाएं तेजी

**मेट्रो रेज**

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का 2003 के मतदाता सूची से पैतृक मैपिंग का कार्य प्रगति पर है। इसे प्रमुखता में रखते हुए यथा शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्र में मतदात सूची के पैतृक मैपिंग के कार्य 70% पूरी कर ली गई है इन क्षेत्र के मतदाताओं के मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में अधिक सुगमता हो सकेगी। वहीं जिन विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची की पैतृक मैपिंग अभी भी कम है वे इस कार्य में कार्य में तीव्रता लाने हेतु वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाएं एवं पैतृक मैपिंग में तेजी लाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग के कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसे ससमय पूरा करना अनिवार्य है । उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए उनके द्वारा बीएलए के नियुक्ति में तेजी लाने हेतु आग्रह करें। इससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में और अधिक निष्पक्षता आ सके।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलोंके ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जेल के डांस वीडियो पर हाईकोर्ट सख्त, रेगुलर जेल सुपरिटेंडेंट नियुक्त करने का निर्देश

**संवाददाता**

**रांची :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में शराब व जीएसटी घोटाला के आरोपियों का डांस करते वीडियो सामने आने के बाद स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि दो दिनों के अंदर जेल में रेगुलर जेल सुपरिटेंडेंट की नियुक्ति की जाए।

साथ ही अदालत ने जेल प्रसाशन को सख्त निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जेल में कैदियों के पास फोन, चार्जर और किसी भी तरह की नशीली वस्तु न पहुंचे। अदालत ने झालसा और पुलिस प्रशासन को भी समय-समय पर औचक निरिक्षण का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान जेल आईजी भी अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर रहे।




हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में 5 जनवरी को सुनवाई करेगा।



# पत्नी ने रस्सी से गला दबाकर पति को मार डाला, गिरफ्तार

**पलामू :** जिले से एक सनसनीखेज वारदात की खबर सामने आ रही है। पत्नी द्वारा अपने पति की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार की है। मृतक पति की पहचान उदय यादव के रुप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उदय यादव और उनकी पत्नी रंजू देवी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया।बताया जा रहा है कि उदय यादव गले में रस्सी बंधे बेहोशी हालत में जमीन पर पड़े हुए थे। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान रंजू देवी ने बताया कि झगड़े के बीच दोनों में धक्का-मुक्की हुई और रंजू ने गुस्से में रस्सी से उदय का गला दबा दिया।

मृतक उदय यादव के परिजनों ने बताया कि रंजू देवी का पिछले डेढ़ साल से चंदन पासवान नाम के युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। यही बात पति पत्नी में विवाद का कारण थी। पुलिस ने मौके से हत्या में उपयोग की गई रस्सी जब्त कर ली है। रंजू देवी के प्रेमी चंदन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# जेएमएम ने की महागठबंधन के अंदर समीक्षा की मांग

**संवाददाता**

**रांची:** बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद झामुमो ने महागठबंधन के अंदर समीक्षा की मांग की है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय का कहना है कि महागठबंधन के अंदर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी समीक्षा होनी चाहिए।

राजद और कांग्रेस ने झामुमो को कमजोर आंकने का काम किया:

विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया। दोनों ही दलों ने झामुमो को कमजोर आंकने का काम किया। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के खराब प्रदर्शन की हर तरफ चर्चा है। बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम राजद और कांग्रेस के लिए बहुत ही अधिक खराब आने के बाद अब झामुमो का मनोबल काफी बढ़ा हुआ हुआ है।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। एक तरफ जहां बिहार में महागठबंधन को करारी हार मिली

J.M.M.

तो वहीं दूसरी ओर झारखंड में महागठबंधन में शामिल झामुमो को शानदार जीत मिली। बिहार में चुनाव लड़ने के लिए एक भी सीट न दिए जाने से झामुमो नाराज है और इसका असर आगे चलकर देखने को मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी आरजेडी के एकमात्र मंत्री को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। चर्चा है कि बिहार में चुनाव लड़ने के लिए सीट नहीं दिए जाने से नाराज झामुमो आरजेडी कोटे से एकमात्र मंत्री संजय यादव को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। मालूम हो कि घाटशिला में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को 38524 मतों से पराजित कर दिया। तीसरे स्थान पर जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू रहे। सोमेश सोरेन को कुल 104794 वोट मिले।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

**धनबाद :** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने थाना परिसर स्थित जर्जर बीसीसीएल क्वार्टर से मंगलवार सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान न्यू सब्जी मंडी निवासी सुमन कुमार साव के रूप में हुई है, जो मोबाइल दुकान चलाता था।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पास के थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। इस घटना से परिवार और आस पास के लोगों में शोक का माहौल है।

इस संबंध में केंदुआडीह थाना के एएसआई सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि सोमवार की रात सुमन अपने कुछ दोस्तों के साथ पुराने थाना के पास स्थित जर्जर क्वार्टर में बैठकर खाना-पीना कर रहा था। इस दौरान उसने काफी मात्रा में शराब का सेवन किया। देर रात नशा अधिक होने पर वह वहीं सो गया। जबकि उसके साथी घर लौट गए।

मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने क्वार्टर के अंदर सुमन का शव पतले कपड़े के सहारे फंदे से लटका देखा। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या लग रही है। लेकिन वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

# ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन

**मेट्रो रेज**

**रांची:** लिंक रेक के विलम्ब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या 12020 रांची -हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 18/11/2025 के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय 13:45 बजे के स्थान पर 14:45 बजे रांची से प्रस्थान करेगी।



# सात जिलों में शीतलहर की चेतावनी 10.2 डिग्री तक पहुंचा रांची का पारा

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के सात जिलों में शीत लहर की चेतावनी जारी की गई है। आज यानी मंगलवार को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' (सावधान बरतें) जारी किया गया है। राज्य के कई स्थानों पर तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम दर्ज किया गया। भारत मौसम विभाग के अनुसार, पारे में गिरावट उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण हुई।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर की स्थिति भी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि पूर्वी हवाओं के आने से मंगलवार से गिरते पारे से आंशिक राहत मिलने की संभावना है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी से कुछ नमी भी आएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है और उसके बाद अगले दो दिनों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

बता दें कि सोमवार गुमला में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लोहरदगा में यह 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची में 10.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री



सेल्सियस कम है। खूंटी शहर में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि लातेहार में 8.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में 8.8 डिग्री सेल्सियस और सरायकेला-खरसावां में 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ डोरंडा थाने में शिकायत

**संवाददाता**

रांची: महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के खिलाफ डोरंडा थाने में गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई गई है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने लिखित शिकायत दे कर इस मामले में जीरो एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**करोड़ों रुपये की अवैध उगाही का आरोप**

अधिवक्ता ने पूर्व डीजीपी पर संगठित अपराध और भ्रष्टाचार में शामिल होने के सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि अनुराग गुप्ता ने डीजीपी रहते हुए कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा एवं अन्य के साथ मिलकर कोयलांचल शांति समिति'नामक एक आपराधिक संगठन का गठन किया था। आरोप है कि उस संगठन के माध्यम से राज्यभर में कोयला व्यवसायियों, ठेकेदारों, ट्रांसपोटरों, डॉक्टरों और बिजनेसमैन से करोड़ों रुपये की अवैध उगाही की गई।



शिकायतकर्ता ने कहा है कि गुप्ता ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से इस संगठन का संचालन किया।

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी लगाए थे आरोप**

अधिवक्ता राजीव कुमार ने अपनी शिकायत में झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के पुराने प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी हवाला दिया है। मरांडी ने आरोप लगाया था कि कोयलांचल शांति समिति को पाकिस्तान से हथियार उपलब्ध कराए गए थे। उनका दावा था कि पूर्व डीजीपी ने एक अपराधी के इशारे पर जेल में बंद अपराधी अमन साहू की फर्जी मुठभेड़'करवाई थी। अधिवक्ता ने इस मामले को न केवल झारखंड बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरनाक बताया है।

**अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कराए**

राजीव कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि एसीबी और सीआईडी के प्रमुख रहते हुए अनुराग गुप्ता ने अपने विश्वस्त अधिकारियों-डीएसपी मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद नेहाल और अनिमेष नाथानी की मदद से विरोधियों के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कराए। उन्होंने कुछ सरकारी अफसरों और इंजीनियरों को भी काल्पनिक शिकायतों के आधार पर नोटिस जारी कर उनसे उगाही की।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि गुप्ता की मदद करने वालों में एसीबी व सीआईडी के कई अन्य अधिकारी और जवान शामिल थे। अधिवक्ता राजीव कुमार ने मांग की है कि पूर्व डीजीपी और उनके सहयोगियों के खिलाफ उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर इस पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जाए, ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके।

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## देश की रक्षा के लिए संकल्प लेने का दिन

**आज** पूरा देश रेजांग लॉ में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को याद करेगा। 18 नवंबर, 1962 सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि भारत के पराक्रम, बलिदान और अदम्य साहस का जीवंत प्रतीक है जब रेजांग लॉ की बफीर्ली चोटियों पर भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजीमेंट के 120 वीर जवानों ने चीन के 1300 सैनिकों को ढेर कर दिया। उन्होंने न केवल अपनी धरती की रक्षा की, बल्कि युद्ध कौशल और जज्बे का ऐसा प्रमाण दिया, जिसे इतिहास सदियों तक गर्व से दोहराएगा। यह वही लड़ाई है जिसमें हमारे जवान अंतिम सांस तक लड़ते रहे लेकिन अपनी सैन्य चौकी नहीं छोड़ी। रेजांग लॉ दिवस हर नागरिक को यह याद दिलाता है कि हमारी आजादी कितने बलिदानों, कितनी हिम्मत और कितनी कीमत पर सुरक्षित है। आज भी वही जज्बा भारतीय सेना के हर उस जवान में दिखाई देता है, जो हिमालय की जमा देने वाली चोटियों पर चौकसी में लगा है या राजस्थान के तपते रेगिस्तानों में सीमा की सुरक्षा कर रहा है। उनके लिए देश पहले है, बाकी सब बाद में। लेकिन विडंबना यह है कि जब हमारे सैनिक सीमा पर देश की रक्षा में प्राणों की बाजी लगा रहे हैं, तब देश के भीतर ऐसे तत्त्व सक्रिय हैं जो राष्ट्र की सुरक्षा को भीतर से खोखला करने में लगे हुए हैं। ये लोग मामूली पैसों के लालच में या कट्टरपंथी विचारधाराओं से प्रभावित होकर ऐसे नेटवर्क का हिस्सा बन रहे हैं, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं। संवेदनशील सूचनाएं लीक करते हैं और आत्मघाती हमलावर तक बन जाते हैं। हाल में उजागर हुए सफेदपोश टेरर मॉड्यूल ने यह साबित कर दिया है कि खतरा सिर्फ सीमा पर नहीं है, वह हमारे बीच भी मौजूद है। ऐसे लोग दिखने में आम नागरिक होते हैं, लेकिन उनकी गतिविधियां देश की जड़ों को कमजोर करती हैं।

यह भीतर का खतरा कहीं ज्यादा खतरनाक इसलिए है क्योंकि ऐसे लोग हमारे बीच छिपे हुए हैं। इनके कपड़े जरूर सफेद हैं, लेकिन इरादे काले और सोच विध्वंसकारी है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। कानून को न केवल उनकी गतिविधियों पर नकेल कसनी होगी, बल्कि नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचकर उन्हें खत्म करना होगा। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए सख्ती की नीति ही उपयुक्त है। इसके साथ ही हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा केवल सैनिकों के हाथों में नहीं, बल्कि समाज की जागरूकता और राष्ट्र भावना में भी निहित है। अगर अगली पीढ़ी देशभक्ति, राष्ट्र गौरव, संवैधानिक कर्तव्यों और सुरक्षा के महत्त्व को समझेगी, तभी देश सुरक्षित रह सकेगा। बच्चों को सिखाना होगा कि देशभक्ति केवल युद्धभूमि में दिखाई देने वाला साहस नहीं, बल्कि रोजमर्रा की ईमानदारी, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित में लिया गया सही निर्णय भी है। आज वीरों को नमन कर संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए भारत की एकता और संप्रभुता को हर हाल में सुरक्षित रखेंगे।

## माता-पिता के प्रति संतानों का रवैया चिंताजनक

**अपना** जीवन खपाकर संतानों को काबिल बनाने वाले माता-पिता यही उम्मीद रखते हैं कि वे उनकी 'बुढ़ापे की लाठी' बनेंगे, लेकिन माता-पिता के प्रति बेरुखी इस कदर हो जाए कि संतानें उन्हें संपत्ति के लालच में अदालतों में घसीटने लगें तो दरकते संबंधों की भयावह तस्वीर ही सामने आती है। यह प्रवृत्ति महज कानूनी विवाद का विषय नहीं, बल्कि ऐसे पारिवारिक संबंधों की ओर संकेत करती है जहां संवेदनात्मक जुड़ाव की जगह संतानों के स्वार्थ और अधिकार की भाषा हावी होती दिखती है।

ऐसे ही एक मामले पर मुंबई हाईकोर्ट को तीखी टिप्पणी करनी पड़ी कि एक बेटा बुजुर्ग माता-पिता को श्रवण कुमार की तरह तीर्थयात्रा पर ले जाने की बजाय उन्हें अदालत में घसीट रहा है। इस प्रकरण में युवक ने माता-पिता को इलाज के लिए मुंबई आने पर उसके घर का इस्तेमाल करने से रोकने की याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

एक अन्य मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए संपत्ति विवाद में पिता के खिलाफ अपील दायर करने वाले बेटे पर हजार्ना लगाते हुए निर्णय दिया कि वयस्क बेटे-बेटी बिना पिता की अनुमति के उनकी स्वअर्जित संपत्ति पर कानूनी हक नहीं जमा सकते। अदालतों के ये फैसले संतानों की अपने माता-पिता के प्रति उपेक्षा भाव व उनकी संपत्ति पाने में लालच के भाव को इंगित करते हैं। एक समय था जब परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का केंद्र समझे जाते थे। माता-पिता व परिवार के अन्य बुजुर्गों की सलाह और अनुभव से ही घर की दिशा तय होती थी।

व्यक्तिगत स्वतंत्रता की आड़ में बिखरते परिवारों ने इन संबंधों में जटिलताएं पैदा कर दी हैं। चिंताजनक तथ्य यह भी है कि ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है, जहां संतानें अपने ही माता-पिता के खिलाफ उनकी संपत्ति में हिस्सेदारी, उनकी देखभाल के खर्च की भरपाई और घरेलू विवादों को लेकर अदालतों की चौखट पर जा रही हैं। जबकि यह हक उन माता-पिता का पहले है, जो अपनी संतानों की उपेक्षा व अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। कानून भी इन्हें संरक्षण प्रदान करता रहा है लेकिन कानून भी न्याय भले ही दे दे, पर पारिवारिक रिश्तों में वह गर्माहट वापस नहीं ला सकता, जो सुखी परिवार के लिए जरूरी है। जाहिर है आपसी संवाद और बुजुर्गों का सम्मान करने से जुड़ा पारिवारिक ताना-बाना वक्त के साथ कमजोर होने लगा है। यही कारण है कि बुजुर्ग माता-पिता कई बार उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा से घिर जाते हैं। दरअसल, ऐसे दौर में सामाजिक, नैतिक और शैक्षणिक स्तर पर व्यापक बदलाव जरूरी हैं। बच्चों में छोटी उम्र से ही घर और स्कूल दोनों ही स्तर पर परिवार संस्था की अहमियत, माता-पिता के प्रति कृतज्ञता और बुजुर्गों के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करना जरूरी है। वहीं पीढि?ां एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें, तो अदालतों तक पहुंचने की नौबत ही नहीं आएगी।

# आर्थिकी की आधारशिला है खेतीबाड़ी

> यह कहानी साबित करती है कि यदि सरकार सही नीति और नीयत के साथ किसानों के साथ खड़ी हो, तो किसी भी चुनौती से निपटा जा सकता है। इच्छाशक्ति से जमीन को सोना उगलने वाली बनाया जा सकता है ।

**रमेश धवाला**

**हिमाचल** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि एक मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित है, जो राज्य की बड़ी आबादी को रोजगार प्रदान करती है और जीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनी हुई है। आज विश्व भर में कृषि क्षेत्र में निरंतर नवीन प्रयोग हो रहे हैं और समय की मांग है कि हम रासायनिक कृषि से हटकर अगली पीढ़ी के लिए सतत और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं। इसी दिशा में, डा. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी तथा कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने शून्य लागत प्राकृतिक खेती (जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग) पर गहन अनुसंधान किया है। इन प्रयासों से इस कृषि पद्धति की सरलता, सहजता और लाभों की जानकारी आम किसानों तक पहुंच रही है। शून्य लागत प्राकृतिक खेती एक ऐसी पद्धति है, जो कई मजबूत तर्कों के साथ अपनी प्रासंगिकता सिद्ध करती है। यह पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि इसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं होता, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, जल प्रदूषण कम होता है और जैव विविधता बढ़ती है।

यह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में भी सहायक है। आर्थिक दृष्टिकोण से, यह पद्धति सह-फसलों और बहु-फसल उत्पादन के माध्यम से मुख्य फसल का शुद्ध लाभ बढ़ाती है, जिससे बाहरी निवेश पर निर्भरता खत्म होती है और किसानों की आय दोगुनी हो सकती है। स्वास्थ्य के लिहाज से, यह उपभोक्ताओं को रसायनमुक्त जैविक भोजन प्रदान करती है, जो कैंसर और अन्य बीमारियों के जोखिम को कम करता है, साथ ही किसानों को जहरीले रसायनों से होने वाले खतरे से बचाती है। इसके अलावा यह पद्धति मिट्टी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करती है, जिससे सतत विकास को बढ़ावा मिलता है और भावी पीढ़ियां भी कृषि के लाभों से वंचित नहीं रहतीं। यह कृषि पद्धति किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ पर्यावरण की समृद्धि के लिए एक सार्थक पहल है। प्रदेश में इस कल्याणकारी पद्धति को पूरी तरह स्थापित करने के लिए अभी कुछ और आर्थिक एवं नीतिगत प्रयास आवश्यक हैं। शून्य लागत खेती का प्रचार-प्रसार छोटे किसानों तक पहुंचाना जरूरी है, ताकि समाज में इस विधि के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके और इसका व्यापक लाभ उठाया जा सके। हिमाचल में कृषि केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं है। इसमें बागवानी, पशुपालन और वन-प्रबंधन भी शामिल हैं। लगभग सभी पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिति ऐसी ही है, क्योंकि यहां कृषि पर आधारित जनसंख्या अधिक है और जोतें छोटी-छोटी हैं। इसलिए, जीरो बजट खेती और मल्चिंग के लिए आवश्यक पशु उत्पाद जैसे गोमूत्र और गोबर पर निर्भर रहते हैं। पशु को धन कहा जाता है, क्योंकि यह खेती से जुड़ी अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। वन, कृषि और पशुपालन के बीच अनुकूलन से कृषि अधिक सफल और फलदायी होती है। उदाहरणस्वरूप, पत्तल बनाने के लिए उपयोगी पेड़ या भेड़-बकरी पालन के अनुकूल कांटेदार झाड़ियां मिश्रित वनों से उपलब्ध होती हैं, जो किसानों को अतिरिक्त लाभकारी व्यवसाय प्रदान करती हैं। साथ ही, मिश्रित वन स्थानीय स्तर पर जल आपूर्ति के लिए लघु सिंचाई और पैदावार में सहायक होते हैं।

वर्तमान में, सरकारी क्षेत्र में रोजगार के सीमित अवसरों के कारण अधिकांश मध्यम और गरीब परिवारों के युवा प्राइवेट सेक्टर में कम वेतन पर काम कर रहे हैं, जहां परिवार पालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में, युवा कृषि-आधारित स्वरोजगार की ओर आकर्षित हो सकते हैं। आजकल जैविक सब्जियां, फल और दूध जैसे उत्पादों को बाजार में अच्छे दाम मिल रहे हैं। शहरों के साथ-साथ गांवों में भी इन आर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है, जिससे ऐसे व्यवसाय अपनाने वाले युवा अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। मेरे विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी के अंतर्गत आने वाला जखोटा गांव इस क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश कर रहा है। यह केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, सरकारी सहयोग और किसानों के अथक परिश्रम से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की गाथा है। बीते दिनों की याद है, जब यह क्षेत्र मिनी पंजाब के नाम से जाना जाता था। एक समय था जब भरोली क्षेत्र उपजाऊ भूमि और बंपर पैदावार के कारण मिनी पंजाब कहलाता था। बड़े पैमाने पर गेहूं, सरसों और विभिन्न सब्जियों की खेती यहां की पहचान थी। लेकिन पिछले 10-15 वर्षों में इस क्षेत्र को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा- आवारा पशुओं का प्रकोप। इन पशुओं के कारण फसलें बर्बाद होने लगीं, जिससे खेती घाटे का सौदा बन गई। नतीजतन, लगभग 1500 हेक्टेयर का विशाल कृषि क्षेत्र धीरे-धीरे बंजर हो गया। यह केवल आर्थिक हानि नहीं थी, बल्कि क्षेत्र की सदियों पुरानी कृषि विरासत पर गहरा आघात था। सरकार ने इस समस्या का समाधान दिखाया। वर्ष 2020-2021 में एचपीएसएचआईवीए परियोजना के तहत जखोटा में 250 कनाल (लगभग 31 एकड़) भूमि पर बागवानी की स्थापना की गई। इस परियोजना की विशेषता यह थी कि किसानों को बागीचों की स्थापना से लेकर फसल को मंडी तक पहुंचाने तक का पूरा प्रबंध निशुल्क उपलब्ध कराया गया। यह सहयोग किसानों में जमीन से जुड़ने का भरोसा जगाने के लिए आवश्यक था।

आज जखोटा केवल एक पायलट परियोजना नहीं है, बल्कि एक विशाल कृषि क्रांति का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्तमान में 250 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित जखोटा क्लस्टर हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा बागवानी क्लस्टर बनने की ओर बढ़ रहा है। हमारी सरकार ने इस गति को बनाए रखने के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया- क्लस्टर में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 20 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया। यह पुख्ता व्यवस्था क्षेत्र को भविष्य के जलवायु संकटों से सुरक्षित रखेगी और जखोटा की सफलता सुनिश्चित करेगी। यह कहानी साबित करती है कि यदि सरकार सही नीति और नीयत के साथ किसानों के साथ खड़ी हो, तो किसी भी चुनौती से निपटा जा सकता है। यह क्षेत्र जल्द ही अपनी पुरानी पहचान मिनी पंजाब को नाम मात्र में नहीं, बल्कि उत्पादन और समृद्धि में चरितार्थ करेगा। यह अन्य बंजर होते कृषि क्षेत्रों के लिए एक रोल मॉडल है, जो दिखाता है कि इच्छाशक्ति से भूमि को सोना उगलने वाली बनाया जा सकता है।

# भारतीय संविधान, संघर्ष, संकल्प व सरोकार

> प्रत्येक नागरिक को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल वोट देने तक सीमित नहीं, बल्कि यह सतत भागीदारी, जिम्मेदारी और जागरूकता की प्रक्रिया है ।

**डा. सतपाल**

**भारत** का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा, विचारधारा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, संघर्षों और संकल्पों का परिणाम है। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को हम संविधान दिवस या संविधान अंगीकरण दिवस मनाते हैं, ताकि उस ऐतिहासिक क्षण को याद किया जा सके जब 1949 में संविधान सभा ने इस महान दस्तावेज को अपनाया था। यह वह दिन था जब भारत ने अपने भाग्य का निर्धारण स्वयं करने का संकल्प लिया और लोकतंत्र की नींव को सशक्त किया। संविधान का निर्माण भारत की स्वतंत्रता के बाद एक अत्यंत कठिन दौर में हुआ। विभाजन की पीड़ा, सामाजिक विषमताएं, अशिक्षा, गरीबी और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद भारतीय संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया जो न केवल शासन की व्यवस्था प्रदान करता है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रस्तुत करता है। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा का गठन हुआ और 2 वर्ष, 11 माह तथा 18 दिनों के गहन विचार-विमर्श, बहस और सुझावों के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया गया। डा. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में बनी मसौदा समिति ने इसे अंतिम रूप दिया। अंततः इसे 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया। यह वह तिथि है जिसे वर्ष 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज्य दिवस के रूप में मनाया गया था। भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और जीवंत संविधान है। मूल रूप से इसमें 22 भाग, 8 अनुसूचियां और 395 अनुच्छेद थे, जो समय के साथ संशोधनों द्वारा 25भाग, 12 अनुसूचियों तथा 448 अनुच्छेद तक विस्तारित हो चुके हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह न केवल कानूनन शासन की रूपरेखा बताता है, बल्कि नागरिक जीवन के प्रत्येक पहलू जैसे न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व-भातृभाव के आदर्शों को व्यावहारिक रूप में भी प्रस्तुत करता है। संविधान की प्रस्तावना इन आदर्शों का उद्घोष करती है कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए , यह वाक्य इस तथ्य की पुष्टि करता है कि भारत की शक्ति जनता में निहित है, अर्थात संवैधानिक तौर पर भारत के लगभग 140 करोड़ लोग ही शक्ति का वास्तविक केन्द्र हैं। जो भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के द्वारा स्थापित की गई है, ऐसा कहने में कदाचित अतिशयोक्ति न होगी। भारतीय संविधान का एक अनूठा व अनुपम पहलू यह भी है कि इसे विश्व के विभिन्न संविधानों से सर्वोत्तम प्रावधानों को चुनकर तैयार किया गया, जिसमें ब्रिटेन से संसदीय शासन प्रणाली, मंत्रीपरिषद की सामूहिक जिम्मेदारी और कानून का शासन लिया गया क्योंकि ब्रिटिश परंपरा से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को संसदीय लोकतंत्र का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ था। वहीं अमेरिका से मौलिक अधिकार, न्यायिक पुनरीक्षण और संघीय शासन की अवधारणा अपनाई गई, क्योंकि अमेरिकी संविधान ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। इसके अतिरिक्त देश में सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने हेतु आयरलैंड के संविधान से राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत लिए गए। इतना ही नहीं विविधता में एकता बनाए रखने के उद्देश्य से कनाडा से संघीय ढांचे में केंद्र को मजबूत बनाने का सिद्धांत लिया गया। वैसे ही ऑस्ट्रेलिया से समवर्ती सूची और व्यापार की स्वतंत्रता के प्रावधान अपनाए गए, जो राज्यों और केंद्र के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। भारतीय संविधान ने विश्व के लोकतांत्रिक अनुभवों को आत्मसात कर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया जो भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल और व्यावहारिक है। संविधान प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिनका उद्देश्य व्यक्ति की गरिमा की रक्षा करना और समाज में समान अवसर सुनिश्चित करना है। साथ ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की स्थापना के लिए संविधान नीति निर्देशक सिद्धांतों को व्यवहार में लाने के निर्देश देता है। संविधान केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि नागरिकों के कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में 11 मौलिक कर्तव्य बताए गए हैं। अधिकार और कर्तव्य का यह संतुलन ही देश के लोकतंत्र को वास्तविक मजबूती प्रदान करता है। संविधान दिवस का महत्व केवल एक ऐतिहासिक स्मरण तक सीमित नहीं है। यह दिन हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि क्या हम अपने संविधान के आदर्शों पर चल रहे हैं? क्या सामाजिक और आर्थिक न्याय हर व्यक्ति तक पहुंचा है? क्या आज भी प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग है? यह दिवस हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराता है और संविधान में निहित मूल्यों को जीवन में उतारने की भी प्रेरणा देता है। परंतु, बदलते समय के साथ संविधान के समक्ष अनेक नई चुनौतियां उभरकर सामने आई हैं। सामाजिक असमानता और जातीय भेदभाव अब भी भारतीय समाज में गहराई तक मौजूद हैं। आर्थिक विषमता, राजनीति में वैचारिक ध्रुवीकरण, संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली तथा स्वतंत्रता को लेकर समय-समय पर प्रश्न उठना लोकतंत्र के संवाद को कमजोर कर रही है। वहीं वर्तमान डिजिटल युग में फेक न्यूज, साइबर अपराध और निजता का उल्लंघन जैसी समस्याएं संविधान के नए अर्थ और आयाम गढ़ रही हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरणीय संकट भी एक गंभीर चुनौती बनकर सामने आया है, जबकि संविधान नागरिकों को पर्यावरण की रक्षा का कर्तव्य सौंपता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि हम संविधान की भावना को केवल पुस्तकों में न रखकर व्यवहार में लाने की कवायद करें। सबसे बढकर प्रत्येक नागरिक को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल वोट देने तक सीमित नहीं, बल्कि यह सतत भागीदारी, जिम्मेदारी और जागरूकता की प्रक्रिया है। संविधान को सशक्त बनाना केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। डा. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे तो वह विफल हो जाएगा। इसलिए संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि संविधान की सफलता हमारे चरित्र, आचरण और नागरिक चेतना पर निर्भर करती है।

# सर्वज्ञाता है ईश्वर

**श्रीश्री रवि शंकर**

**ईश्वर** क्या है? ईश्वर की परिभाषा क्या है? जब आप इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करते हैं, तो वह उत्तर आपके मन में पहले से बैठी धारणा से उद्भूत होता है। सरल शब्दों में आप ईश्वर का वर्णन इस प्रकार कर सकते हैं कि ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है, सर्वशक्तिमान है, इस सृष्टि का रचयिता, संरक्षणकर्ता एवं विलयकर्ता है। जब आप कहते हैं कि मैं ईश्वर को देखना चाहता हूं और आप ईश्वर को किसी एक मानव रूप या वस्तु के रूप में देखना चाहते हैं, तब ईश्वर कहीं नहीं दिखता। क्योंकि आपके और ईश्वर के बीच एक दूरी हो जाती है। आपकी ईश्वर को अलग व्यक्ति के रूप में देखने की इच्छा है, तो ऐसी अवस्था में ईश्वर सर्वव्याप्त नहीं है। आपने उसे दूर और सीमित कर दिया। जैसे प्रेम को हृदय में प्रतीत किया जाता है, उसी प्रकार ईश्वर की उपस्थिति को भी अत्यंत निकट प्रतीत किया जाता है। आप हवा को देख नहीं सकते हैं, लेकिन आप हवा को महसूस कर सकते हैं। आप गर्मी या ठंडक को देख नहीं सकते हैं, आप उसे केवल महसूस कर सकते हैं। इसी प्रकार ईश्वर को भी देखा नहीं जा सकता है। यदि आप ईश्वर को कहीं बाहर देखते हैं, तो आप ईश्वर को अपने से कहीं दूर और पृथक महसूस करते हैं। ईश्वर कोई पृथक वस्तु नहीं है। ईश्वर सब कुछ है। जब मैं विलीन हो जाता है, तब ईश्वर के अस्तित्व का अनुभव होता है। जब मै रहता है, तब ईश्वर की उपस्थिति का अनुभव नहीं होता। या तो आपका अस्तित्व होता है या फिर ईश्वर का अस्तित्व। दोनों एक साथ नहीं हो सकते। जब आप ध्यान करते हैं, तब आप ईश्वर से एकाकार हो जाते हैं।

जब आप ईश्वर ही बन जाते हैं। ईश्वर को हृदय की गहराई में अनुभूत किया जा सकता है। गहरे ध्यान में जब आपका मन स्थिर, शांत और रिक्त होता है, तब आप अचानक ही यह महसूस करते हैं कि मैं नहीं हूं। केवल एक महान अस्तित्व ही है। यही अवस्था है ईश्वर का अनुभव करने की। अतः ईश्वर को जानने के बारे में चिंता मत कीजिए। पहले स्वयं को जानिए, तब ईश्वर को भी जान जाएंगे। आप यदि यह सोचते हैं कि आप मात्र एक शरीर हैं, तब स्वयं को जानना संभव नहीं है। क्योंकि शरीर की सीमाएं हैं। यदि आप यह सोचते हैं कि आप एक मन हैं, तब भी स्वयं को जानना संभव नहीं है।

## आपके पत्र

### डबल इंजन पर भरोसा

हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में जो एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। इसके लिए कोई नीतीश कुमार के कामों को कारण बता रहा है, तो कोई वहां भी महागठबंधन में कमियों को दोषी मान रहा है। लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट मतदाता बिठा दे, इसका अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। आम चुनाव में मतदाता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखता है।

जबकि स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव में मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सीटों पर जीत मिलना यह भी साबित कर रहा है कि मतदाता अब डबल इंजन की सरकार को ध्यान में रख रहा है।

**बीके वर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज IN ब्रीफ**

## बिहार में एनडीए की जीत ऐतिहासिक : आकाश



**साहिबगंज :** लोजपा नेता आकाश पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में एनडीए सरकार को जो स्पष्ट जनादेश बिहार की जनता ने दिया है वो ऐतिहासिक है,सभी जाती के लोगों ने बिहार में एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है जिसके कारण से राजग गठबंधन को ऐतिहासिक बहुमत हासिल हुई है।श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार की जनता ने सेवा,न्याय और सुशासन के लिए एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है।नीतीश कुमार के अगुवाई में और देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साथ ही साथ चिराग पासवान,उपेंद्र कुशवाहा,जीतन राम मांझी ने साथ मिलकर बिहार की जनता के विश्वास को जितने का काम किया है।बिहार ने राजद के जंगलराज को पुन नकारने का कार्य किया हैं।आकाश पांडेय ने कहा कि जिस प्रकाश से मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सीमांचल में बिहार चुनाव परिणाम में ओवैसी की पार्टी को 5 सीट देने का कार्य किया है उससे यह स्पष्ट हो गया कि बिहार में राजद और महागठबंधन का एम वाई समीकरण अब ध्वस्त होता दिख रहा है और भविष्य में राजद और कांग्रेस का वोट बैंक माने जाने वाला अल्पसंख्य समाज भी महागठबंधन को नकारने का शुरूआत कर चुका हैं।आकाश पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार से राजद,कांग्रेस एवं महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता ईवीएम में गड़बड़ी करके जितने का आरोप राजग गठबंधन पर लगा रहा है इससे यह भी स्पष्ट होता है। राजद और महागठबंधन के लोग अपनी करारी हार को देख के बौखलाहट में उल्टा सीधा बयान दे रहे हैं।

## शास्त्रीनगर में देर रात मारपीट व गोलीबारी की शिकायत

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर में देर रात मारपीट व गोलीबारी की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची।जहां पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि मामले में चार लोगों को हिरसात में लेकर पूछताछ की गई।दो लोगों को छोड़ दिया गया है।जबकि दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## साहिबगंज-मनिहारी अंतरराज्यीय फेरी सेवा शुरू यात्रियों में खुशी की लहर



**साहिबगंज :** लगभग चार माह के लंबे अंतराल के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए साहिबगंज-मनिहारी के बीच गंगा में फेरी सेवा परिचालन बुधवार को शुरू हुआ।रिवर थाना अंतर्गत बिरसा मुंडा गंगा घाट से अंतरराज्यीय फेरी यात्री सेवा का सोमवार से शुभारंभ हुआ।मिली जानकारी के अनुसार गंगा घाट से सुबह साढ़े 8 बजे 10 बजे दोपहर डेढ़ बजे और साढ़े तीन बजे मनिहारी के लिए जाएगी।एक यात्री का टिकट दर 51 रुपया है।वहीं बाइक और एक चालक के साथ 154 रुपया लगेगा। यात्रियों में खुशी की लहर फेरी सेवा शुरू होने से साहिबगंज और बिहार,कटिहार के मनिहारी आने जाने वाले यात्रियों में काफी हर्ष है।यात्रियों ने बताया कि जहाज चलने से मनिहारी, कटिहार व पूर्णिया जाना आसानी हुआ है।नाव से भेड़-बकरी की तरह डर-डर के आना जाना करते थे।यात्रियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## अंबेडकर भवन में लगा दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर




**साहिबगंज :** शहर के कुलीपाड़ा,दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में अंबेडकर संस्था के तत्वधान में नेपाल के विराट रानी नेत्र अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड का दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ हुआ।पहले दिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक डॉ बीआर चामलीन ने लगभग 100 लोगों के नेत्र की निशुल्क जांच की।संस्था सदस्य अनिल पासवान में बताया कि मंगलवार की सुबह भी 11 बजे से 4 बजे तक नेत्र जांच की जाएगी।मौके पर मो जुल्फिकार,मो रिजवान,राहुल यादव,मो मेहताब आलम,अंबेडकर संस्था के सदस्य अनिल पासवान,शेखर पासवान, मंगल पासवान,अजमत हुसैन,विजय कुमार,नवल किशोर पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## भू विज्ञान की सर्वश्रेष्ठ अनीता मुर्मू राज्यपाल से सम्मानित

**साहिबगंज :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में सोमवार को 9 वें गोल्ड मेडल दीक्षांत समारोह साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के भू विज्ञान स्नातकोत्तर की छात्रा अनीता मुर्मू ने सर्वोच्च अंक लाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।उन्होंने अपने सत्र में सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए हैं.अनीता मुर्मू को राज्यपाल सह कुलाधिपति झारखंड व विश्वविद्यालय की कुलपति ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया।वहीं भू विज्ञान विभाग के अध्यक्ष अस आर आई रिजवी और शिक्षक भू विज्ञान डॉ रणजीत कुमार सिंह ने अनीता को बधाई दी।साथ ही डॉ रणजीत ने कहा अनीता साहिबगंज कॉलेज का नाम रौशन किया साथ ही भू विज्ञान विभाग का मान सम्मान बढ़ाया अनीता पर हमें गर्व है अनीता ने परिवार महिला और जनजाति समाज का भी सम्मान बढ़ाया।छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह एक उत्सव से कम नहीं है जिसमें सालों भर मेहनत लगन निरंतरता अनुशासन अभ्यास समय प्रबंधन का परिणाम परीक्षा फल में मिलता है।साहिबगंज कॉलेज की भौतिकी विज्ञान की को स्नातक में स्वर्ण पदक राज्यपाल व कुलपति के हाथों प्राप्त किया कॉलेज के प्राचार्य और शिक्षकों ने बढ़ाई दिया है और शोध के लिए शुभकामनाएं दीं।

### एसकेएमयू का नवम दीक्षांत समारोह भव्यता से संपन्न

# 65 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 33 को मिली पीएचडी उपाधि

संवाददाता

**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का नवम् दीक्षांत समारोह सोमवार को शहर के कन्वेंशन सेंटर में अत्यंत भव्यता और शैक्षणिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता झारखंड राज्य के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंडिर द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्मारक टिल्हा पर वीर सिदो-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर करने के साथ हुआ, जिसके बाद जैसे ही कुलाधिपति और विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे, उनका पारंपरिक लोटा-पानी से हृदयपूर्ण स्वागत किया गया, जो संथाल परंपरा की सांस्कृतिक उत्कृष्टता को भी दशार्ता था। इसके पश्चात शैक्षणिक जुलूस निकाला गया, जिसकी गंभीरता, अनुशासन और गरिमा ने समारोह के माहौल को और भी प्रतिष्ठित बना दिया। इस जुलूस में कुलाधिपति श्री गंगवार, कुलपति प्रो. कुनुल कंडिर, कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. टी. पी. सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. पी. पी. सिंह तथा विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह सहित अकादमिक परिषद, सिंडिकेट और सीनेट के सभी सदस्य शामिल हुए। महामहिम के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान और कुलगीत की प्रस्तुति की गई, जिसके उपरांत कुलपति ने कुलाधिपति का पुष्पगुच्छ, शॉल तथा स्मृति-चिह्न प्रदान कर औपचारिक तथा गरिमामय स्वागत किया। इसके तुरंत बाद कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने कुलाधिपति से समारोह के औपचारिक संचालन की अनुमति प्राप्त की, जिसे कुलाधिपति ने प्रदान किया। अनुमति मिलते




ही कुलपति प्रो. कंडिर ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों और भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित उपाधिधारियों और शोधार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इसके बाद विभिन्न संकायों के डीन–डॉ. पी. पी. सिंह, डॉ. संजय कुमार सिंह और डॉ. टी. पी. सिंह–ने क्रमशः अपने-अपने संकायों के उपाधिधारियों को उपाधि प्रदान करने हेतु कुलाधिपति और कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं जो छात्र-छात्राएँ समारोह में उपस्थित थे, उनके संबंध में कुलसचिव डॉ. शर्मा ने विवरण प्रस्तुत किया ताकि उन्हें भी अनुपस्थिति में उपाधि प्रदान की आज्ञा प्राप्त किया। कुलाधिपति द्वारा अनुमति प्रदान किए जाने के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने सभी स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पीएचडी उपाधि प्राप्त शोधार्थियों के नाम पुकारे, जिसके बाद माननीय राज्यपाल-सह-कुलाधिपति श्री गंगवार ने उन्हें स्वर्ण पदक एवं डिग्री प्रमाणपत्र-पत्र प्रदान किए। तत्पश्चात राज्यपाल सह कुलाधिपति एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे है श्री गंगवार संबोधन हुआ।

राष्ट्रगान की गूँज के साथ यह भव्य समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे समारोह में कुल 65 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 33 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई, जिससे विश्वविद्यालय समुदाय में उत्साह और गर्व की लहर दिखाई दी। कुल 78 छात्रों को गोल्ड मेडल मिलना था, लेकिन इनमें से केवल 67 छात्रों ने दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण कराया था। पंजीकृत छात्रों में से दो छात्र समारोह में अनुपस्थित रहे। वहीं पीएचडी डिग्री के लिए कुल 37 छात्रों का चयन हुआ था, जिनमें से 33 ने पंजीकरण कराया और सभी को समारोह में डिग्री प्रदान की गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंडिर ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग, समर्पण और अनुशासित प्रयासों के कारण ही इतना भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हो सका। यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव और गरिमा का क्षण है। वहीं कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने भी आयोजन समिति व उपसमिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के अथक परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और लगातार समर्पित प्रयासों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दीक्षांत का अर्थ जीवन की नई शुरूआत है : कुलाधिपति



दुमका : सिदो कान्हु मुर्मू विवि दुमका के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत का अर्थ केवल शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरूआत है। आज विद्यार्थियों के हाथों में जो उपाधि है, वह केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतीक है।

राज्यपाल श्री गंगवार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे समाज के लिए प्रेरणा बनें और विश्वविद्यालय में छात्र होने के नाते अपने समाज, संस्कृति और राज्य के विकास में योगदान देने की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब विद्यार्थी झारखंड के गाँव, गरीब और दलित वर्ग के उत्थान में सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का भी उल्लेख किया।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर जनसंपर्क आवश्यक

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता एकजुटता और निरंतर जनसंपर्क अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने नगर एवं प्रखंड स्तर की इकाइयों को अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आह्वान किया।बैठक के दौरान संगठनात्मक ढाँचे को और सुदृढ़ बनाने, बूथ स्तर पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने, स्थानीय जनसमस्याओं जैसे बिजली,पानी,सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य । आदि के समाधान के लिए पार्टी द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।आगामी नगर स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा,सदस्यता अभियान को तेज करने तथा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित




करने पर भी जोर दिया गया।मुख्य अतिथि तनवीर आलम ने कार्यकताओं को बताया कि कांग्रेस पार्टी केवल चुनावी संगठन नहीं,बल्कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनके हितों की रक्षा करने वाला जनांदोलन है।उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर जनता के बीच जाएँ,उनकी समस्याएँ सुनें और पार्टी के विचारों को घर-घर तक पहुँचाएँ।अंत में नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब कार्यकर्ता अनुशासन,समर्पण और सेवा भावना के साथ काम करें।उन्होंने सभी से क्षेत्र में कांग्रेस की सक्रियता को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प दोहराने का आग्रह किया।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बरकत खान, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब रब्बानी,मो. नसीरुद्दीन,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास,प्रखंड अध्यक्ष रंजित टुडू, सहनवाज नासिर नेहाल अख्तर, भोलानाथ महतो,नगर अध्यक्ष मनोज घोष, थॉमस रॉबर्ट,निताय सरकार,विक्की कर्मकार राकेश शेख,धर्मेंद साहा,विष्णु माल,राजू, अजीत कुमार रॉय,संतोष झा,आफताब आलम,छोटेलाल रमानी,आलमगीर मंसूरी,सत्यम यादव सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## आरपीएफ ने अवैध तस्करी के शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**साहिबगंज/ बरहरवा :** आरपीएफ अवैध शराब तस्करी को पुनः नाकाम करने में सफलता हासिल की है।आरपीएफ पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से शराब ले जाने के संबंध में एक विश्वसनीय स्त्रोत से प्राप्त सूचना के आधार पर,जब ट्रेन संख्या 53433 अप अजीमगंजझबरहरवा पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर समय 11.38 बजे बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आई तो आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा,संजीव कुमार, उपनिरीक्षक,जीआरपी ,रमाशंकर प्रसाद,उपनिरीक्षक लाल बहादुर माझी,कॉन्स्टेबल,अनिल कुमार साह,हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार मंडल ,कांस्टेबल सतीश कुमार और कांस्टेबल चंदन कुमार राम के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान,जनरल कोच संख्या ईआर 122467 में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एक भारी प्लास्टिक का बोरा लेकर इधर उधर घूम रहा है।संदेह होने पर उसे रोक पूछताछ किया गया तो पहले तो उसने इधर उधर की बाते बनाने लगा।जब प्लास्टिक बोर को चेक किया गया तो उसमें कुल 166 ऑफिसर चॉइस व्हिस्की के पाउच मिले।जिसके



बारे में पूछताछ करने पर कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया और ना ही कोई संबंधित डॉक्युमेंट्स दिखाया और बताया कि उसका नाम राहुल कुमार,उम्र 20 साल पिता बबलू यादव,ग्राम लालदरवाजा मुंगेर थाना कोतवाली जिला मुंगेर बिहार बताया और वह इसे बलाल से जमालपुर लेकर जा रहा था। जब पुनः दूसरे कोच ईआर 082425 में छापामारी की गई तो एक सीट के नीचे संदिग्ध अवस्था में एक भारी सफेद प्लास्टिक का बोरा दिखा जिसके बारे में उपस्थित पैसेंजरों से पूछताछ किया गया तो उनमें से किसी ने अपना होना नहीं बताया,उक्त बोरे को चेक करने पर उसमें 184 ऑफिसर चॉइस के पाउच मिले। सभी को प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर उतरा गया और उपस्थित गवाहों के समक्ष 166 नंबर ऑफिसर्स चॉइस को जब्त किया गया और उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।साथ ही साथ 184 नंबर ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की को अंक्लेम्ड जब्त किया गया।छापामारी के दौरान दोनों मिलकर कुल 350 नंबर ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की को जब्त किया गया जिसका कुल योग 45,440 रुपए। गिरफ्तार व्यक्ति और कुल जब्त व्हिस्की को आरपीएफ पोस्ट बड़हरवा लाया गया और सभी कानूनी कारवाही कर आबकारी विभाग साहिबगंज को अग्रिम कारवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

## विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व निर्माण भी जरूरी : इन्द्रोजीत

### धरती आबा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में तीन सौ विद्यार्थियों की अभूतपूर्व भागीदारी

संवाददाता

**साहिबगंज :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर द्वारा पुरानी साहिबगंज स्कूल में धरती आबा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।जिसके बाद पूरा विद्यालय परिसर ज्ञान, राष्ट्रभावना और अनुशासन की ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक श्री इन्द्रोजीत साह ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और आदिवासी समाज को संगठित करने की ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धर्ती आबा बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और परिषद उसी शक्ति संस्कार और राष्ट्रनिष्ठा के मार्ग पर युवा समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह



भी कहा कि सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने का सर्वोत्तम माध्यम हैं, और एबीभीपी इसी उद्देश्य के साथ लगातार शैक्षणिक व बौद्धिक गतिविधियाँ आयोजित करती रहती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री श्री अविनाश साह ने की। अपने वक्तव्य में उन्होंने परिषद के उद्देश्य, संगठनात्मक संरचना और युवा शक्ति के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी केवल विद्यार्थी संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है।जो देश के हर कोने में शिक्षा, मूल्य, संस्कार और छात्र हितों के लिए प्रतिबद्ध है। अविनाश साह ने यह भी कहा कि आज की प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया कि साहिबगंज का युवा अत्यंत प्रतिभाशाली जागरूक और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने समाज के प्रति संवेदनशील रहने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्राचार्य श्री रतन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने एबीभीपी द्वारा विद्यालय में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रतन कुमार सर ने विद्यालय की ओर से भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताओं और सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर समर्थन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि 300 से अधिक बच्चों की भागीदारी यह दशार्ती है कि साहिबगंज का शिक्षा जगत मजबूत हो रहा है।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, पदक और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय परिवार, अभिभावकों और परिषद के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री चंदन कुमार गुप्ता, नगर सहमंत्री निधि सिंह, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, तथा परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता प्रेरणा, मोनू, समीर, नीरज, अभिषेक, रोशन, सतीश, पूजा, लक्ष्मी, सोनम आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वाइफ पूनम संग शत्रुघ्न सिन्हा ने हेमा मालिनी से की मुलाकात, बड़े भाई धर्मेंद्र का जाना हाल



**बॉलीवुड** के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र पिछले कुछ दिनों से अपने स्वास्थ्य की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कई दिनों तक मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज चलने के बाद अब एक्टर घर पर आ गए हैं, जहां वो डॉक्टर्स की पूरी देख-रेख में हैं। इसी बीच इंडस्ट्री के दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा अपनी पत्नी पूनम सिन्हा के साथ हेमा मालिनी से मिलने पहुंचे और उन्होंने धर्मेंद्र का हाल जाना। इस मुलाकात की तस्वीरें भी उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर की हैं।

शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर हेमा मालिनी संग अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, अपनी 'बेस्ट हाफ' पूनम सिन्हा के साथ, हमारी बहुत प्यारी फैमिली फ्रेंड, बेहतरीन इंसानों में से एक, बेहतरीन स्टार/एक्ट्रेस, हाईएस्ट कैलिबर वाली एक्ट्रेस, एक योग्य सांसद ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी से मिलने, ग्रीट करने और गॉड ब्लेस करने लिए गया था। उन्होंने आगे लिखा, हमारी प्रेयर्स उन सभी के साथ हैं और हमने 'उनके', हमारे बड़े भाई और परिवार के हाल-चाल के बारे में भी जानकारी ली। बता दें, धर्मेंद्र को 31 अक्टूबर को सांस लेने की तकलीफ के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं 12 नवंबर को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, जिसके बाद अब घर पर ही उनका इलाज चल रहा है।बताया जा रहा है कि अब एक्टर की हालत में पहले से सुधार है ।

## गुस्ताख इश्क में प्यार और शायरी का खूबसूरत संगम, ट्रेलर हुआ रिलीज




**'मेरा** लहजा कैक्टस-सा खुरदुरा, तेरी बातें रात-रानी की तरह गम कोई देना है तो दे दे मुझे, दिल में रख लूंगा निशानी की तरह' एक ऐसी शायरी जिसने वाह-वाह की गूँज पैदा कर दी जब गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा के मेकर्स ने अपना ट्रेलर जारी किया। विभु पुरी द्वारा निर्देशित और मनीष मल्होत्रा के पहले सिनेमाई प्रोडक्शन के रूप में, गुस्ताख इश्क एक चलता-फिरता प्रेम-पत्र है शायरियों और काव्यात्मक सुकून से भरा, जो आपको ठहरकर सुनने और महसूस करने पर मजबूर करता है।

ऐसे समय में जब दर्शक शायद ही शायरियों और क्लासिक कविता के जादू की ओर लौटते हैं, गुस्ताख इश्क सबको पुरानी मोहब्बत के जज्बात के नीचे एकजुट कर रहा है जहाँ शायरियां बातचीत की तरह बहती हैं, संगीत सीधे दिल को छूता है, और रोमांस चाहे पुराने जमाने की मोहब्बत हो या डिजिटल प्यार फिल्म की असली भाषा बन जाता है।

आज के दौर में जहाँ लव स्टोरीज रील्स, डिजिटल स्लैंग और तेज कट्स में लिपटी मिलती हैं, गुस्ताख इश्क एकदम धीमे, लिरिकल रास्ते पर चल पड़ती है। फिल्म के संवाद, चुपके से डाली गई निगाहें, शायरियां और वह गहरी पुरानी महक यह बात साफ कर देती है कि मोहब्बत अब भी वही है, बस अंदाज बदल गया है।

गुस्ताख इश्क और आज की पीढ़ी के बीच की खाई को पाटती है, और इसी वजह से यह मनीष मल्होत्रा के लिए एक बेहतरीन पहला प्रोडक्शन बनती है।

## राजामौली की अगली फिल्म में काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एस.एस. राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवतः ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है। प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ह्यग्लोबट्रॉटरह्व के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरूआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं। महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें। हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

### फिल्म प्रमोशन के बीच कार्तिक संग अनन्या की जबरदस्त केमिस्ट्री

## मिनी ड्रेस में 'रेड पटाखा' बन एक्ट्रेस ने चुराई लाइमलाइट



,4

**बॉलीवुड** के चर्चित स्टार कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में दोनों स्टार्स लगातार फिल्म की प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी बीच मुंबई में हुए एक इवेंट से अनन्या-आर्यन की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है।

लुक की बात करें तो इस दौरान अनन्या पांडे रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लगीं। छोटी सी ड्रेस में वह पूरे कॉन्फिडेंस से अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती दिखीं। उनका बार्बी-इंस्पायर्ड लुक ग्लोसी मेकअप और खुले बालों के साथ और निखर उठा।

वहीं कार्तिक आर्यन व्हाइट टी-शर्ट, ब्लू जींस और ब्राउन जैकेट में काफी डैशिंग नजर आए। उनका कैजुअल लेकिन क्लासी लुक फैंस को खूब पसंद आया।

इवेंट में अनन्या और कार्तिक ने एक-साथ में कई पोज दिए। इस दौरान दोनों की बीच की बॉन्डिंग देखत ही बनी। एक फोटो में दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए इतने खोए नजर आए कि फैन कमेंट्स की बाढ़ आ गई।

फिल्म की रिलीज डेटः फिल्म की बात करें तो कार्तिक और अनन्या की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।



## अरमान मलिक और उनके परिवार को लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियां, मांगी गई 1 करोड़ की फिरौती

**मशहूर** यूट्यूबर अरमान मलिक अक्सर अपने कंटेंट और निजी जीवन को लेकर चर्चा में रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी लोकप्रियता कमाल की है, जिसके चलते वह और उनका परिवार लगातार सुर्खियों में रहता है। वहीं, हाल ही में अरमान मलिक ने खुलासा किया कि उन्हें पिछले कई दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। साथ ही करोड़ों की फिरौती की मांग हो रही है। इस खुलासे के बाद यूट्यूबर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं।

अरमान मलिक ने हाल ही में बताया कि वे पिछले लगभग 20 दिनों से बेहद तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रहे हैं। उनके मुताबिक, उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति की तरफ से लगातार धमकी भरे कॉल किए जा रहे हैं। यह कॉल करने वाला पहले अरमान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांग रहा था, लेकिन बाद में उसने रकम घटाकर 1 करोड़ रुपये कर दी।

जिस नंबर से अरमान मलिक और उनकी बीवियों को धमकी भरे फोन और मैसेज आ रहे हैं, वो विदेश का है। उनका कहना है कि जबसे वो दुबई से लौटकर आए हैं, तबसे ही फोन और मैसेज आ रहे हैं, लेकिन बिजी होने के कारण वो फोन नहीं उठा पाते थे। इसके बाद बदमाशों ने उनकी बीवी कृतिका को फोन किया। फिर उनके करीबी दोस्त के पास भी फोन गया और उससे कहा कि अरमान को कहो कि वो फोन उठाए। फिर पायल के पास भी कॉल आई।

**पुलिस में शिकायत दर्जः** हालात गंभीर होते देख अरमान ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया और इस पूरे मामले की औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वह कानून पर पूरा भरोसा रखते हैं और उम्मीद करते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ लेगी।

## हक में यामी गौतम की दमदार परफॉर्मेंस बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली एक्ट्रेस



**किसी फिल्म** को अपने कंधों पर उठाना आसान काम नहीं है, और यामी गौतम धर इसे लगातार साबित करती रही हैं। उन्होंने एक बार फिर हक में अपना कमाल दिखाया। सालों के दौरान कहा जा सकता है कि यामी गौतम धर बॉलीवुड की सबसे असरदार एक्टर्स में से एक साबित हुई हैं। लेकिन उनके सफर में एक बात साफ झलकती है, वह कम बोलती हैं लेकिन उनके काम बोलते हैं, जोरदार तरीके से, और वह ज्यादा नजर नहीं आतीं या ज्यादा बाहर नहीं जातीं, जिससे उनका हुनर खुद ब खुद नजर आता है।

हक में यामी एक बार फिर ऐसी परफॉर्मेंस की है, जो न सिर्फ पसंद आने वाला है बल्कि सच में पूरे देश में सराहना के लायक भी है। उनकी मेहनत और शांत तरीके ने दर्शकों को उनकी प्रतिभा की तारीफ करने पर मजबूर कर दिया है। हर नए किरदार के साथ वह अपनी काबिलियत दिखाती हैं और उन्हें मिलने वाले सभी पुरस्कार और सम्मान बिलकुल सही हैं।

ए थर्सडे से लेकर दसवी, ओएमजी 2, चोर निकल के भागा, आर्टिकल 370, धूम धाम और अब हक तक, यामी गौतम धर ने साबित कर दिया है कि वह पूरे फिल्म को अपने दम पर संभाल सकती हैं। हक इसे और भी मजबूत बनाता है क्योंकि बहुत कम ही लोग वह असर दिखा पाते हैं जो यामी देती हैं। जब उनके समकालीन सितारे दीपिका और आलिया जैसी टॉप स्टार्स हैं, तब भी यामी दिखाती हैं कि वह क्या कर सकती हैं और अपने किरदार की संघर्ष से पूरे देश को छूने वाली बेहतरीन अभिनेत्री हैं। वह शोर-शराबे के पीछे नहीं भागतीं; हर बार स्क्रीन पर आने पर अपनी चमक खुद बनाती हैं। पर्दे के बाहर उनकी शांति और स्क्रीन पर उनके अभिनय की ताकत का फर्क बहुत खूबसूरती से दिखाई देता है और आज के दौर में यह देखना बहुत ही खास है। यामी गौतम धर का असर केवल बोलने में नहीं, बल्कि उनके काम में है। और हक एक और उदाहरण है कि क्यों उन्हें आज भारतीय सिनेमा की सबसे सक्षम, दमदार और शांत प्रभावशाली अभिनेत्रियों में गिना जा रहा है। हक में यामी गौतम धर का अभिनय उनके बड़े हुनर और मेहनत का सबूत है, जो उन्हें बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में एक खास जगह देता है।

## 16 जनवरी 2026 में रिलीज होगी पुलकित सम्राट की फिल्म राहु केतु




**बॉलीवुड** स्टार पुलकित सम्राट की फिल्म राहु केतु की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म 16 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। पुलकित सम्राट अपनी आगामी फिल्म राहु केतु के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जो अगले साल की शुरूआत में, 16 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। पुलकित अब राहु केतु के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत करने जा रहे हैं। यह फिल्म उन्हें एक पावर-पैक्ड, मास-अपीलिंग किरदार में पेश करेगी, जो उनके दर्शकों के दिलों में सीधा उतरने वाला है। विपुल विग द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस ने किया है। इस फिल्म में पुलकित के साथ महत्वपूर्ण भूमिका में वरुण शर्मा भी हैं। इनके साथ ही इस फिल्म में शालिनी पांडे भी नजर आएंगी।

## वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में गुरप्रीत की चांदी भारत तीन स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर

### 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इवेंट में जीता रजत पदक



**एजेंसी/ काहिराः** भारतीय निशानेबाज गुरप्रीत सिंह पुरुषों के 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इवेंट में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बेहद करीबी अंतर से चूक गए। उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इजिप्त के काहिरा में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव ने गोल्ड जीता। गुरप्रीत को इनर 10 (10 अंक का अंदरुनी हिस्सा) के आधार पर हारने के बाद सिल्वर से संतोष करना पड़ा। गुरप्रीत ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में दूसरा इंडिविजुअल मेडल जीता है।उन्हें 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मिला था। भारत तीन गोल्ड, छह सिल्वर और चार ब्रॉन्ज सहित कुल 13 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चीन पहले स्थान पर रहा। चीनी शूटर्स ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य सहित कुल 21 पदक जीते। साउथ कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया।

## कोलकाता टेस्ट में हार के बाद गांगुली की कोच गंभीर को नसीहत, तीन के बजाय पांच दिन खेलें टेस्ट



**नई दिल्लीः** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को सलाह दी है। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद टीम और कोच गंभीर की आलोचना की जा रही है। गांगुली ने अब कोच को सलाह देते हुए कहा है कि कोच गंभीर और भारतीय टीम प्रबंधन को अच्छी पिचों पर खेलना चाहिए और पिच को खेल से दूर रखना चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कोच से यह भी कहा कि उन्हें मैच जल्दी खत्म करने की कोशिश करने के बजाय पांच दिन में टेस्ट जीतने की कोशिश करनी चाहिए।

गांगुली ने कहा, अच्छे विकेटों पर खेलो। उम्मीद है गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। उन्हें खेल से पिच को दूर रखना होगा, क्योंकि अगर उनके बल्लेबाज 350-400 रन नहीं बना पाएंगे, तो वे टेस्ट मैच नहीं जीत पाएंगे। यही वजह है कि वे इंग्लैंड में जीते, क्योंकि उनके बल्लेबाजों ने बोर्ड पर रन बनाए। उन्हें अच्छे विकेट पर खेलना होगा और अपने लोगों पर भरोसा करना होगा।

**मोहम्मद शमी पर भरोसा करेंः** गांगुली ने कहा कि गंभीर को शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शमी और स्पिनर मिलकर भारत को टेस्ट मैच जीता सकते हैं। गांगुली ने कहा, मुझे गौतम बहुत पसंद हैं, उन्होंने 2011 और टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें बुमराह, सिराज और शमी पर भरोसा रखना होगा।

गिल का गुवाहाटी टेस्ट खेलना मुश्किलः भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का गुवाहाटी टेस्ट में खेलना मुश्किल है। पहले टेस्ट की पहली पारी में गिल तीन गेंद खेलने के बाद रिटायर हर्ट हो गए थे। वहीं, दूसरे पारी में बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। गिल को गर्दन में ऐंठन की शिकायत के बाद शनिवार को कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिल का दूसरे टेस्ट में खेलना मुश्किल है। टीम मैनेजमेंट ने दूसरे मैच में उनके खेलने पर अभी फैसला नहीं किया है।

### एनआरआई महिला डिजिटल अरेस्ट का हुई शिकार

## शातिरों ने सीबीआई अधिकारी बनकर लगाया 80 लाख का चूना



**राजनांदगांवः** छत्तीसगढ के राजनांदगांव शहर की पॉश कॉलोनी सन सिटी में डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। अमरीका से लौटी एक प्रवासी भारतीय (एनआरआई) महिला को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अधिकारी बनकर जालसाजों ने झांसा दिया और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच का डर दिखाकर उनसे अलग-अलग खातों में 80 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। बैंक कर्मचारियों की चेतावनी के बावजूद महिला ने डर के कारण यह बड़ी रकम जालसाजों के खातों में भेज दी।

कोतवाली टीआई. नंद किशोर गौतम ने मंगलवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एनआरआई महिला शीला सु बाल के पास एक फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और महिला को उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जाँच शुरू करने की धमकी दी। इसके तुरंत बाद, एक अन्य कॉलर ने खुद को जांच अधिकारी बताते हुए पीड़िता से संपर्क किया। इस व्यक्ति ने महिला से कहा कि जाँच पूरी होने तक उनके खातों में मौजूद सभी रकम को उनके दिए गए खातों में सुरक्षित रखना होगा। उसने वादा किया कि जाँच में कोई गड़बड़ी नहीं पाए जाने पर पूरी रकम महिला के खाते में वापस ट्रांसफर कर दी जाएगी।

इस डिजिटल अरेस्ट और कानूनी कार्रवाई के डर से पीड़िता ने जालसाजों की बात मान ली। बैंक कर्मियों ने महिला को इतनी बड़ी रकम ट्रांसफर करने से बहुत रोका और चेतावनी भी दी लेकिन डर के कारण महिला ने किसी की नहीं सुनी और पीड़िता ने अपने अलग-अलग बैंक खातों में मौजूद कुल 80 लाख रुपए धोखेबाजों द्वारा दिए गए खाते नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर संबंधित मोबाइल नंबरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। टीआई. गौतम ने बताया कि पुलिस साइबर ठगी के इस बड़े मामले की गहन जांच कर रही है।




## दिल्ली ब्लास्टः अल फलाह विश्वविद्यालय पर ईडी की रेड

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय में कथित धनशोधन की जांच शुरू की है, जहां आरोपी कार्यरत थे या अध्ययन करते थे। ईडी ने कई टीमों का गठन किया है और मंगलवार को अल फलाह विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय तथा अन्य संबंधित स्थानों पर तलाशी ले रही है।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज कहा कि ईडी अल फलाह विश्वविद्यालय, उसके ट्रस्टियों और संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के लिए में तलाशी अभियान चला रहा है। यह अभियान आज सुबह पांच बजे शुरू हुआ और अभी भी जारी है। ईडी की छापेमारी दिल्ली अपराध शाखा और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है, जिसमें अल फलाह विश्वविद्यालय पर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। अल फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े डॉक्टर डॉ. उमर नबी उस आई20 कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोट हुआ। शुरूआत में विश्वविद्यालय ने डॉ. उमर और उसके सहयोगियों से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया था। हालांकि बाद में जांच के दौरान पता चला कि विश्वविद्यालय कथित रूप से वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल था, जिसके कारण एफआईआर दर्ज की गई और धनशोधन के पहलू की जांच का कार्य ईडी को सौंपा गया।

# गांधी मैदान में दस साल बाद होगा शपथ ग्रहण समारोह, अधिकारियों की छुट्टियां 20 नवंबर तक रद्द

**पटना :** राज्य में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम और विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त टीम ने स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरे मैदान को कई जोन में विभाजित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने समारोह के संचालन के लिए 25 बिहार प्रशासनिक सेवा (बीएएस) अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है, जिनमें से पांच अधिकारी विशेष अतिथियों के प्रबंधन में लगाए गए हैं।



मुख्य मंच का निर्माण वीवीआईपी सुरक्षा मानकों के तहत किया जा रहा है। इसके साथ ही मैदान में बैरिकेडिंग, विशेष अतिथियों के लिए अलग मार्ग, मीडिया जोन तथा आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंडाल, साउंड सिस्टम और लाइटिंग की जिम्मेदारी विभिन्न एजेंसियों को दी गई है। सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर, रेंज आईजी जितेन्द्र राणा और जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम. ने मैदान का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दिनभर पंडाल निर्माण से संबंधित सामग्री उतारी जाती रही। नगर निगम की टीमों ने पूरे मैदान में सफाई अभियान चलाया। पेयजल स्टॉल, मोबाइल टॉयलेट, फायर सेफ्टी उपकरण और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि समारोह को भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। समारोह में बड़ी संख्या में राजनीतिक प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति और आमजन के शामिल होने की संभावना है।

गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह दस वर्ष बाद हो रहा है। इससे पहले 2015 में यहां समारोह आयोजित हुआ था, जिसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। एनडीए सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार ने पहली बार वर्ष 2005 में गांधी मैदान में शपथ ली थी। वर्ष 2010 और 2015 में भी यहां शपथ ग्रहण समारोह हुए। वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण शपथ ग्रहण राजभवन में आयोजित किया गया था।

शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पटना जिलाधिकारी ने जिले के सभी अधिकारियों के अवकाश पर 20 नवंबर तक रोक लगा दी है। जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी और पर्यवेक्षक स्तर के अधिकारी इस अवधि में अवकाश नहीं ले सकेंगे। विशेष परिस्थिति में अवकाश की जरूरत होने पर अधिकारी को स्पष्ट कारण बताते हुए आवेदन वरीय प्रभारी के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय में भेजना होगा। अनुमति मिलने के बाद ही मुख्यालय छोड़ने की इजाजत होगी।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नवाब मलिक को बड़ा झटका

## कोर्ट ने खारिज की डिस्चार्ज याचिका, आज तय होंगे आरोप

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा झटका लगा है। पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने मलिक और उनकी कंपनी की ओर से दायर डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया है कि 18 नवंबर को आरोप तय करने की प्रक्रिया के दौरान सभी आरोपी कोर्ट में मौजूद रहें। इस फैसले के बाद नवाब मलिक को मंगलवार को कोर्ट में पेश होना है। मलिक की कंपनी मलिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की ओर से डिस्चार्ज याचिका दायर की गई थी। कंपनी की ओर से कहा गया कि ईडी का पूरा मामला अंदाजों और अनुमान पर आधारित है, क्योंकि जिस समय कथित अवैध सौदा हुआ, उस समय कंपनी का अस्तित्व ही नहीं था।



कोर्ट ने कंपनी की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि मामले में पर्याप्त प्राथमिक सबूत मौजूद हैं। कोर्ट ने कहा कि शुरूआती जांच से यह स्पष्ट होता है कि नवाब मलिक ने डी-कंपनी से जुड़ी हसीना पारकर, सलीम पटेल और आरोपी सरदार खान के साथ मिलकर कुर्ला स्थित एक कीमती प्लॉट को अवैध रूप से कब्जे में लिया और फिर उसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए वैध बनाने की कोशिश की। इस प्लॉट में 16 करोड़ रुपए की अपराध से अर्जित धन शामिल बताया गया है।

पूर्व मंत्री ने कोर्ट से यह प्रक्रिया 6 हफ्ते तक टालने की गुहार लगाई थी। उनका कहना था कि बॉम्बे हाई कोर्ट में उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई होनी है, इसलिए फैसला आने तक निचली अदालत को इंतजार करना चाहिए। उनके वकील तारक सैयद का दावा है कि ईडी ने कई ऐसे दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं किए हैं जो आरोपी के पक्ष में हैं। उनका कहना था कि यदि सभी दस्तावेज पेश किए जाएं तो आरोप तय करने की स्थिति ही नहीं बनती।

हालांकि, स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सुनील गोंसाल्वेस ने कहा कि हाई कोर्ट ने इस मामले पर कोई स्टे नहीं दिया है, इसलिए निचली अदालत की सुनवाई रोकी नहीं जा सकती। कोर्ट ने ईडी की दलीलें मानते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निदेशों के अनुसार सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों का त्वरित निपटारा अनिवार्य है। ऐसे में कोर्ट स्वयं से मामला स्थगित नहीं कर सकती। इस आधार पर नवाब मलिक की मांग खारिज कर दी गई।

बता दें कि ईडी ने नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उन्होंने दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर की मदद से मुंबई के कुर्ला में लगभग तीन एकड़ की जमीन को गलत तरीके से कब्जे में लिया। इस सौदे में 16 करोड़ रुपए की अपराध से जुड़ी रकम शामिल होने का आरोप है। फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में मलिक के साथ दो कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। मई 2022 से प्रक्रिया जारी है, लेकिन औपचारिक तौर पर आरोप तय नहीं हो पाए थे। अब अदालत के आदेश के बाद 18 नवंबर को सभी आरोपियों पर आरोप तय किए जाएंगे।

## भारत यूएस से खरीदेगा दस फीसदी गैस, मोदी-ट्रंप के बीच पहली डील



**नई दिल्लीः** टैरिफ विवाद के बीच भारत और अमेरिका ने पहली डील साइन की है। इस डील के तहत भारत अमेरिका से करीब 2.2 मिलियन टन एलपीजी खरीदेगा। यह भारत की सालाना जरूरत का 10 फीसदी है। यह डील केवल एक साल यानी 2026 के लिए है। यह डील भारत की सरकारी तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने अमेरिकी एनर्जी सप्लायर्स- चेवरॉन, फिलिप्स 66 और टोटल एनर्जीज ट्रेडिंग के साथ की है। भारत दुनिया का दूसरा बड़ा एलपीजी उपभोक्ता है। अभी भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 50 फीसदी से ज्यादा आयात करता है और ज्यादातर सप्लाई पश्चिम एशिया के बाजारों से आती है। यह डील भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को मजबूत करेगी।

**अमेरिका से एलपीजी डील ऐतिहासिक कदमः** पेट्रोलियम मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी ने इस डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एलपीजी मार्केट्स में से एक अब यूएस सप्लाई के लिए खुल गया है। भारत के लोगों को सुरक्षित और सस्ता एलपीजी उपलब्ध कराने के हमारे प्रयास में, हम अपनी सोर्सिंग को डाइवर्सिफाई कर रहे हैं। यह डील उस दिशा में एक अहम कदम है। अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोर्सिंग करने का यह कदम नई दिल्ली की रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद पारंपरिक सप्लायर्स पर निर्भरता कम करना, सप्लाई की स्थिरता बढ़ाना और ग्लोबल मार्केट में तेज कीमतों के उछाल से बचाव करना है। मंत्री ने इस यूएस डील को भारतीय घरों के लिए सुरक्षित, सस्ता और विश्वसनीय एलपीजी सप्लाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक और कदम बताया।



## अक्टूबर में 1.42 करोड़ लोगों ने की हवाई यात्रा, वित्त वर्ष 26 में 6 प्रतिशत तक बढ़ सकती है यात्रियों की संख्या

**नई दिल्ली :** घरेलू यात्री ट्रैफिक अक्टूबर में 1.42 करोड़ रहने का अनुमान है, जो कि सालाना आधार पर 4.5 प्रतिशत और सितंबर के मुकाबले 12.9 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने अपनी रिपोर्ट में भारतीय एविशन सेक्टर पर ह्यस्थिरह्लआउटलुक बनाए रखा है और कहा कि वित्त वर्ष 26 में घरेलू यात्री ट्रैफिक में 4-6 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 में यह 7.6 प्रतिशत था और इस दौरान कुल 16.53 करोड़ यात्रियों ने हवाई सफर किया था।

रिपोर्ट में बताया गया कि यात्रियों की संख्या बढ़ने की वजह क्षमता विस्तार भी है, क्योंकि अक्टूबर में घरेलू प्रस्थान की संख्या करीब 99,816 रही है, जो कि मासिक आधार पर 10.8 प्रतिशत और सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान परिचालन दक्षता में भी सुधार देखा गया है और इंडस्ट्री का पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) बढ़कर 84.7 प्रतिशत हो गया है, जो कि अक्टूबर 2024 के 82.4 प्रतिशत और सितंबर 2025 के 81.4 प्रतिशत से अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बॉर्डर पर तनाव, वैश्विक व्यवधान, जून 2025 की विमान त्रासदी के बाद यात्रा में हिचकिचाहट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) संचालन से संबंधित हालिया व्यवधान होने के कारण विकास की संभावनाएं चालू तिमाही में नरम रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारतीय एयरलाइनों ने सितंबर 2025 तक 28.3 लाख यात्रियों को ढोया, जो साल-दर-साल 5.8 प्रतिशत की वृद्धि है। आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 26 में भारतीय एयरलाइनों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में 13-15 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिसे विस्तारित अंतरराष्ट्रीय मार्गों और विमानों की बढ़ती उपलब्धता से सपोर्ट मिलेगा। इस बीच, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतें एयरलाइनों की लागत संरचनाओं के लिए चुनौती बनी हुई हैं। नवंबर में, एटीएफ की कीमतें साल-दर-साल 4.4 प्रतिशत और अक्टूबर की तुलना में क्रमिक रूप से 0.8 प्रतिशत बढ़ीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइनों की परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा 30-40 प्रतिशत है, इसलिए कीमतों में निरंतर वृद्धि उद्योग के लिए चिंता का एक प्रमुख विषय बनी हुई है।

# हिमाचल को मिले चंडीगढ़ में हिस्सा, मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैठक में अमित शाह के सामने उठाया मुद्दा

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चंडीगढ़ की भूमि और परिसंपत्तियों में हिमाचल प्रदेश के 7.19 प्रतिशत हिस्से के वैध अधिकार की पुरजोर वकालत की है। यह पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत अनिवार्य है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के 2011 के उस निर्णय का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के तहत जनसंख्या अनुपात हस्तांतरण के आधार पर हिमाचल प्रदेश संयुक्त पंजाब में 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी का हकदार है और यही बीबीएमबी द्वारा उत्पादित विद्युत में वैध हिस्सेदारी का आधार भी है। मुख्यमंत्री सुक्खू सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से लंबित बकाया राशि जारी करने और बीबीएमबी में हिमाचल से एक स्थायी सदस्य की नियुक्ति की भी मांग की। उन्होंने केंद्र द्वारा



संचालित जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली रॉयल्टी देने की नीति को लागू करने और उन परियोजनाओं में हिमाचल की मुफ्त रॉयल्टी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का भी आग्रह किया, जिनकी लागत पहले ही वसूल हो चुकी है। उन्होंने आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश को उसका वैध हक मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे को उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की अगली बैठक के एजेंडा में रखा जाए। उन्होंने अनुरोध किया कि हिमाचल प्रदेश में 40 वर्ष पूरे कर चुकी जल विद्युत परियोजनाओं को राज्य को सौंप दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन किशाऊ और रेणुका बांध जलविद्युत परियोजनाओं के विद्युत घटकों के लिए पूर्ण केंद्रीय वित्त पोषण की मांग की और आग्रह किया कि इनका कार्य पूर्ण होने के बाद हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को 50-50 प्रतिशत विद्युत प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय बस्तियों को सहायता प्रदान करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एक अनुसंधान केंद्र, आइस हॉकी स्टेडियम, एक साहसिक खेल केंद्र और अन्य प्रशिक्षण सुविधाओं की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्पीति के जनजातीय क्षेत्र में राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान परियोजना शुरू करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने भारत-तिब्बत सीमा के साथ-साथ शिपकी-ला से सीमावर्ती पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिपकी-ला से पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की राज्य की मांग भी दोहराई। उन्होंने हिमाचल के आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास के लिए वन भूमि पर आवास निर्माण के लिए एक बीघा तक भूमि देने की अनुमति वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदान करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल ने कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद अपने स्तर पर आपदा पीड़ितों को विशेष राहत पैकेज देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने का प्रयास किया है, किंतु प्रदेश आपदा पश्चात आवश्यकता आकलन के तहत लगभग 10 हजार करोड़ तथा प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ के पैकेज का इंतजार कर रहा है। उन्होंने समूची धनराशि शीघ्र प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राजस्व घाटा अनुदान में हो रही कमी, जीएसटी मुआवजे के उपरांत भी वर्ष 2023-24 तक राज्य को 9478 करोड़ के राजस्व घाटे की भरपाई के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाने की मांग की। बैठक में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और केंद्र एवं प्रदेश सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने हिमाचल तथा लद्दाख के मध्य सरचू और शिकुला क्षेत्रों में अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने, शिमला में पर्यावरण विभाग के उप कार्यालय को एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय के रूप में स्तरोन्नत करने का आग्रह किया।

**आपदा राहत के मापदंडों में हो बदलावः** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से पहाड़ी राज्यों की बढ़ती संवेदनशीलता को देखते हुए आपदा राहत नियमों की समीक्षा करने और आपदा पूर्व एवं आपदा पश्चात प्रबंधन मानदंडों में उचित संशोधन करने का आग्रह किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और हर वर्ष होने वाले व्यापक नुकसान को देखते हुए पूरे उत्तरी क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, परस्पर निर्भर और सतत विकास ढांचे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था के संरक्षण और सामूहिक एवं केंद्रित प्रयासों के माध्यम से मूल्यवान मानवीय क्षति को कम करने के लिए ऐसी समन्वित योजना आवश्यक है।

**हवाई नेटवर्क बढ़ाने में मदद करे केंद्र सरकारः** राज्य की रणनीतिक स्थिति और पर्यटन क्षमता पर बल देतु हुए सीएम सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में हवाई नेटवर्क के विस्तार की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाले कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार पर काम कर रही है। उन्होंने राज्य में छोटे हवाई अड्डों और हेलिपोर्ट के विकास के लिए एक अलग मास्टर प्लान तैयार करने का आग्रह किया।

न्यूज IN ब्रीफ

## फौजदारी दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण



**बासुकिनाथ :** मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष सोमवार प्रदोष तिथि को विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में पूजा अर्चना करने को लेकर देश- विदेश से आए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । प्रातः चार बजे बाबा बासुकिनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों का पट मंदिर प्रबंधन द्वारा खोल दिया गया । गर्भगृह की साफ सफाई के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं सहित अन्य श्रद्धालुओं ने स्पर्श पूजा किया । साढ़े चार बजे सरकारी पूजा सम्पन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के पूजा -अर्चना के लिए पुनः श्रद्धालुओं का जलार्पण प्रारंभ हुआ जो निरंतर संध्या पांच बजे तक चला। आगंतुक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दिनभर मंदिर प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था के बीच जलार्पण कर विभिन्न तरह के धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किया । मंदिर परिसर में दर्जनों श्रद्धालुओं ने अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार संपन्न कराया और बाबा बासुकिनाथ से घर परिवार एवं बच्चों के सुखद भविष्य के लिए आशीर्वाद मांगा । अगहन मास की यह सोमवार श्रद्धालुओं से दिन भर पट सा गया। भक्तों के भीड़ से शिवनगरी बासुकिनाथ मंदिर ओर बाजार दिन भर गुलजार रहा ।

## अधिकारियों ने किया राज्यपाल का स्वागत



**देवघर :** झारखंड प्रांत के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का सोमवार को देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत देवघर एयरपोर्ट पर किया।

## मुख्यमंत्री अबुआ सुरक्षा योजना के लाभुकों को उपायुक्त ने दिए निर्देश

**दुमका :** स्वास्थ्य विभाग झारखण्ड के निदेशानुसार मुख्यमंत्री अबुआ सुरक्षा योजना के अंतर्गत अच्छादित सभी लाभुकों का ी-ङउ कराया जाना है। इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 15 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इस निमित्त जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के द्वारा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा राशन वितरण संबंधी संचालित योजनाओं से आच्छादित आधार वेरीफाईड राशन कार्ड धारक लाभुकों का ङउ कराने हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दिया गया है।
उपायुक्त श्री सिन्हा ने उरउ मैनेजर को राशन वितरण के दिन राशन दुकान में श्छए की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये अधिक से अधिक लाभुकों का ी-ङउ कराने का निर्देश दिया है।
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दुमका को निर्देश दिया गया है कि ढऊ डीलरों के माध्यम से लाभुकों के बीच ी-ङउ से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। सभी ढऊ डीलरों के सहयोग से राशन वितरण के दिन अधिकतम संख्या में लाभुकों का ी-ङउ कराया जाए। सिविल सर्जन को सहियाओं के माध्यम से लाभुकों को व्यापक रूप से मोबिलाइज कराते हुए राशन वितरण के दिन उनका ी-ङउ करवाने का निर्देश दिया गया है । निकटतम प्रज्ञा केंद्रों एवं पंचायत भवनों में भी श्छए की सहायता से लाभुकों का ी-ङउ कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को मिशन मोड में 31.11.2025 तक शत प्रतिशत लाभुकों का ी-ङउ कराने का निर्देश दिया गया है।

## भवन निर्माण विभाग रांची में पदस्थापित सहायक अभियंता राजू किस्पोट्टा अपने जवाबदेही का कर रहे हैं पूर्ण निर्वाहन



**ज्योति पाठक :** रांची : भवन निर्माण विभाग रांची के सहायक अभियंता राजू किस्पोट्टा के योगदान देने के पश्चात से इनके विभाग अधीन कार्यों का निष्पादन ससमय और बेहतर ढंग से संपादित हो रहा है। रांची उच्च न्यायालय विधानसभा एवं शीर्ष अधिकारियों के आवास एवं सुविधा की पूर्ण रूपेण सुधि लेते हुए बेहतर कार्यों से विभाग अपनी जवाबदेही का निर्वहन कर रहा है।श्री किस्पोट्टा के तत्परता, मुस्तैदी और कार्य प्रणाली का ही यह परिणाम है कि विभाग ने अपने दायित्व का निर्वहन करने के साथ-साथ भवन निर्माण विभाग को बेहतर गति और पहचान दी है। विदित हो कि श्री किस्पोट्टा के कार्यों को भवन निर्माण विभाग सचिव अरवा राजकमल ने उनके जवाबदेही और कार्यों के प्रति उनकी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने के लिए उन्हें सराहा है।

## आदित्यपुर से 30 तक अपडाउन करेगी टाटा-हटिया मेमू ट्रेन

**जमशेदपुर :** टाटानगर-हटिया मेमू ट्रेन फिर 15 दिन तक आदित्यपुर से अपडाउन करेगी। टाटानगर स्टेशन से ट्रेनों का बोझ कम करने के लिए चक्रधरपुर मंडल रेल मुख्यालय से शनिवार को यह आदेश हुआ है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 68036/68035 को 16 से 30 नवंबर तक आदित्यपुर स्टेशन से चलाया जाएगा। दरअसल, टाटानगर-हटिया मेमू ट्रेन करीब तीन महीने से आदित्यपुर से चल रही थी, जिसे रेलवे ने 30 नवंबर तक बढ़ा दिया। इससे यात्रियों को दिक्कत होगी।

# राजकीय रामरेखा महोत्सव सह मेला को लेकर डीसी ने की बैठक

संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में प्रथम राजकीय रामरेखा महोत्सव-सह-मेला के सफल आयोजन के उपरांत रामरेखा धाम समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण रामरेखा धाम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष पहली बार बड़े पैमाने पर आयोजित महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची, जिसके चलते कुछ व्यवस्थागत चुनौतियाँ सामने आईं। इन्हें ध्यान में रखते हुए अगले वर्ष आयोजन को और व्यवस्थित एवं सुगम बनाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है।
इसके बाद बैठक में पार्किंग व्यवस्था को व्यापक स्तर पर बढ़ाने, श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने, विद्युत, नेटवर्क, संचार तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर



विशेष बल दिया गया।
समिति ने कैरबेड़ा चौक से भूम्भू, बानाबिरा से कोण्डरा तथा शहीद स्थल से रामरेखा मंदिर के नीचे बेस गांव तक तीन नए मार्ग विकसित करने का प्रस्ताव रखा। इन मार्गों के निर्माण से आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते उपलब्ध होंगे, जिससे जाम की समस्या प्रभावी रूप से दूर की जा सकेगी। वहीं घाटी क्षेत्र की चौड़ीकरण हेतु फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए पथ निर्माण विभाग से प्रस्ताव भेजने की बात कहीं।
मेला क्षेत्र को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए दुकानों को श्रेणीवार अलग-अलग लगाने, मेला परिसर के विस्तार और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। उपायुक्त महोदया ने अगले वर्ष मेला परिसर में थमार्कोल और प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके। अंत में समिति ने सफल आयोजन में प्रशासनिक सहयोग के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।
बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रभात रंजन ज्ञानी, जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, नजारा उप समाहर्ता -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री समीर रेनियर खालखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकरटांड़ सहित अन्य पदाधिकारी एवं समिति सदस्य गण उपस्थित थे।

## जनता दरबार में अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान



संवाददाता

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।
इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।जनता दरबार में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन




संवाददाता

**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशन में सोमवार को लावालौंग प्रखण्ड कार्यालय के समीप वरिष्ठ नागरिकों हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शिविर में प्रतिभागियों को वरिष्ठ नागरिक संरक्षण अधिनियम 2007, निःशुल्क कानूनी सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी लाभकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।
अधिकार मित्र जनेश कुमार यादव,अभिषेक कुमार ठाकुर, रविकांत कुमार,काजल कुमारी एवं राखी कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का महत्वपूर्ण एवं सम्मानित वर्ग हैं,जिनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून में विशेष प्रावधान उपलब्ध हैं।उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों का समाधान भी मौके पर किया गया।
अंत में आयोजकों ने आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की समस्या,उत्पीड़न या सहायता की आवश्यकता होने पर वे निःसंकोच डालसा से निःशुल्क कानूनी सहयोग प्राप्त करें।

## जर्जर भवन में चल रहा रेलवे आरक्षण काउंटर

संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय में संचालित रेलवे आरक्षण काउंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इसकी स्थिति इतनी दयनीय है कि यह कब धरासाई हो जाय कहना मुश्किल है। ऐसे में यहां बैठकर दूसरों का टिकट काटने वाले का खुद कब टिकट कट जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। जर्जर भवन की हालत का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि छत की ढलाई जगह जगह से फट गया है। कमरे का सीलिंग का प्लास्टर खुद ब-खुद झड़ रहा है। कमरे की दीवारें न सर्फ दरक गई है बल्कि दीवारों का प्लास्टर झड रहा है। अगर हल्की सी भी बारिश हुई तो छत का पानी सीधे कमरे में टपकना शुरू हो जाता है। बरसात के दिनों में तो टिकट काटने वाले छाता लगाकर अथवा प्लास्टिक लगाकर काम



करने को विवश हैं। पानी की वजह से कमरे का फॉल्स सेलिंग पूरी तरह से सड़ सड़ कर बर्बाद हो चुका है। बारिश का पानी जगह जगह टपकने के कारण कम्प्यूटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बर्बाद हो सकते हैं। आपको बता दें कि रेलवे काउंटर भवन का उदघाटन 90 के दशक में एकीकृत बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के द्वारा किया गया था। तब से लेकर अभी तक करीब 35 वर्ष बीत जाने के बाद भी एक बार भी भवन का ना ही चुना पेंट कराया गया और ना ही किसी प्रकार की मरम्मती। हालांकि इस मामले में पूछने पर चतरा चतरा विधायक जनार्दन पासवान कहते हैं कि भवन की मरमत्ती यथा शीघ्र कराया जाएगा। ताकि टिकट लेने से लेकर टिकट काटने के लिए काउन्टर पर बैठने वाले स्टाफ की जान बच सके।

## हजारीबाग में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग:** साइबर अपराधी नए-नए हथकंडा अपना कर लोगों की गाढ़ी कमाई उनके खातों से ही उड़ा ले रहे हैं. हजारीबाग पुलिस ने चार ऐसे ही साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो म्यूल खाता के जरिए साइबर अपराध करते थे. पुलिस ने उनके पास से छह सिम कार्ड, 19 अलग-अलग बैंक के एटीएम और डेबिट कार्ड, दो-चार पहिया गाड़ी और 150000 रुपये बरामद किए हैं.

अनवांटेड लिंक के जरिए चल रहा फ्रॉड

साइबर अपराध का दायरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. कई लोग साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई से हाथ धो दे रहे हैं. इन दिनों साइबर अपराधी अनवांटेड लिंक के जरिए अपराध कर रहे हैं. जो बिना खाता धारक की जानकारी के उनके अकाउंट का एक्सेस प्राप्त कर ले रहे हैं. उस अकाउंट में ठगी का पैसा भेजा जाता है और फिर एटीएम के जरिए उसे निकाल लिया जाता है.
हिरासत में लिए गए चार युवक हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति हजारीबाग के डूमर के ग्रामीण से खाता और एटीएम कार्ड ले रहे हैं. जिसमें साइबर क्राइम का पैसा आता है. इस सूचना के आलोक पर छापेमारी टीम ने दो युवक को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर सरौनी जंगल से हिरासत में ले लिया. इन दोनों व्यक्तियों का नाम राजू और शिवा कुमार बताया गया है.

हजारीबाग और देवघर के रहने वाले हैं गिरफ्तार आरोपी

एसपी ने बताया कि तलाशी के क्रम में भारी मात्रा में एटीएम कार्ड और डेढ़ लाख रुपये बरामद किए गए. जब उनसे पूछताछ की गई तो बताया कि बरामद एटीएम कार्ड अलग-अलग व्यक्तियों से झांसा और कुछ पैसे देकर साइबर अपराधी द्वारा भेजे गए पैसों को निकाल कर दूसरे अपराधियों तक पहुंचाना था. गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर मोहम्मद जाकिर अंसारी और तस्लीम अंसारी को गिरफ्तार किया गया. दोनों पेशेवर साइबर अपराधी हैं. गिरफ्तार आरोपियों में एक गिरिडीह-हजारीबाग और दूसरा देवघर का रहने वाला है.

## भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनी

संवाददाता

**जलडेगा :** प्रखंड अंतर्गत ओड़गा उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओडगा मैदान में 25 वां झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओड़गा पहान पावन जोजो द्वारा आदिवासी परंपरा अनुसार पुजा अर्चना उपरान्त भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक जदुरा नृत्य सहित अन्य नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया.
कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर मुख्य अतिथि के रूप में जलडेगा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया व विशिष्ट अतिथि के रूप में



ओड़गा मुखिया मुकुट समद, पंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव जिला अध्यक्ष दीपक कुमार महतो,एस आई प्रमोद कुमार शामिल हुए । जिसमें कुल 9 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान ओडगा कदमटोली, द्वितीय ओडगा स्टेशन टोली तथा तृतीय स्थान ओडगा पहाड़ टोली नृत्य मंडलीयों को मिला,प्रथम पुरस्कार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया, द्वितीय एस आई प्रमोद कुमार तथा तृतीय पुरस्कार मुखिया मुकुट समद द्वारा देकर सम्मानित किया गया,इस दौरान 6 अन्य नृत्य मंडलियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया,मौके पर मुखिया मुकुट समद ,पंसस ओडगा सह मिशन बदलाव सिमडेगा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, बिरसा मुंडा समिति अध्यक्ष संतोष जोजो,पहड़ा राजा सुखराम जोजो, उपमुखिया दयामणि जोजो, वार्ड सदस्य महेश्वरी खेस, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया,निरल जोजो, नेल्सन जोजो,नियारजंन जोजो,जिदन जोजो,विनय बुढ़ सहित काफी संख्या ग्रामीण एवं ओडगा थाना के एसआई प्रमोद कुमार के साथ पुलिस के जवान मौजूद रहे।